

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 2 मार्च 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-333 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## ‘टीएमसी का अर्थ है- तू, मैं और करप्शन’: मोदी

**कोलकाता,2 मार्च।** पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अत्याचार, वंशवाद की राजनीति, विश्वासघात का पर्याय है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार के कामकाज के तरीके से बंगाल के लोग निराश हैं। उन्होंने कहा कि यहां लोगों की संख्या को देखकर मुझे यह कहने का आत्मविश्वास मिल रहा है कि ‘राजग सरकार, 400 पार’। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी एम्स-कल्याणी से खुश नहीं, पर्यावरण मंजूरी को मुद्दा बना रही है। उन्होंन साफतौर पर कहा कि टीएमसी ने ‘मां माटी मानुष’ का नारा दिया लेकिन उसके राज में माताएं-बहनें रो रही हैं।

मोदी ने कहा कि यह पश्चिम बंगाल में मेरा दूसरा दिन है। पिछले 2 दिनों में मुझे बंगाल के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने का अवसर मिला। इससे निवेश आएगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पड़ोसी क्षेत्रों पर इसका प्रभाव पड़ेगा।हालाँकि, हमें यह स्वीकार करना होगा कि टीएमसी सरकार ने बंगाल के लोगों को निराश किया है। वे लोगों के भरोसे को धोखा देते रहते हैं। टीएमसी बंगाल के विकास पर



भ्रष्टाचार और उनके परिवार को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि बंगाल में जिस तरह टीएमसी की सरकार चल रही है उसने बंगाल को निराश कर दिया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ टीएमसी को बार-बार इतना बड़ा जनादेश दिया है, लेकिन टीएमसी अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है। टीएमसी के लिए बंगाल का विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार रुपये की चिकित्सा सहायता देती है। गरीबों को 5 लाख, लेकिन टीएमसी सरकार इस केंद्रीय पहल का लाभ बंगाल के लोगों को नहीं मिलने देती। हमने पश्चिम बंगाल की चिकित्सा स्थिति में सुधार के लिए प्रयास किए। 2014 से पहले, बंगाल में केवल 14 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। पिछले 10 वर्षों में यह संख्या लगभग दोगुनी होकर 26 हो गई है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मां, माटी और मानुष सभी टीएमसी के कुशासन में रो रहे हैं। संदेशखाली की बहनें इंसाफ की गुहार लगाती रही, लेकिन टीएमसी सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। बंगाल में स्थिति ये है कि यहां पुलिस नहीं, बल्कि अपराधी तय करते हैं कि उन्हें कब सरेंडर करना है, कब गिरफ्तार करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तो चाहती ही नहीं थी कि संदेशखाली का गुनहगार गिरफ्तार हो। लेकिन जब ये बंगाल की नारी शक्ति दुर्गा बनकर खड़ी हो गई और भाजपा के कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हो गए, तब मजबूरन इस राज्य सरकार को झुकना पड़ा।उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल की छवि खराब की है। यह हर योजना को घोटाले में बदल देता है। वे हमारी योजनाओं पर स्टीकर लगा देते हैं और उसे अपना बताते हैं।’ वे गरीबों से छीनने से पहले नहीं हिचकिचाते। आने वाले वर्षों में भाजपा निवेश और रोजगार के असंख्य अवसर पैदा करेगी। इसके लिए आपको लोकसभा चुनाव में अपना योगदान अवश्य अंकित करना होगा। बंगाल की सभी 42 सीटों पर खिलेगा कमल!

## धान की अंतर राशि का भुगतान 12 को

### किसानों के खाते में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये जमा किये जायेंगे

**रायपुर,2 मार्च।** विष्णुदेव ने किसानों का इंतजार कर दिया खत्म जशपुर 2 मार्च 2024। धान की अंतर राशि पाने का इंतजार अब अन्नदाताओं का खत्म होने वाला है। मुख्यमंत्री ने धान के अंतर राशि देने की तारीख का ऐलान कर दिया है। जशपुर दौरे पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि 12 मार्च को किसानों को धान की अंतर राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। किसानों के खाते में लगभग 13 हजार करोड़ रूपये प्रदान किये जायेंगे। दरअसल किसान धान की अंतर राशि के भुगतान का इंतजार कर रहे थे। अब मुख्यमंत्री ने तारीख का ऐलान कर किसानों का इंतजार खत्म कर दिया है। आपको बता दें कि धान की अभी खरीदी समर्थन मूल्य पर की गयी है, जबकि चुनावी घोषणा पत्र में भाजपा ने किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी का वादा किया था। अब करीब 900 रुपये प्रति क्विंटल की अंतर राशि का राज्य सरकार 12 मार्च को भुगतान करेगी। मुख्यमंत्री ने तामामुंडा में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ किया जायेगा। इस घोषणा से जिलेवासियों को न्याय के लिए दूर तक नहीं भटकना होगा। वहीं गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण हेतु 32 लाख रूपये, फरसाबहार में संस्कृतिक मंडप हेतु 10 लाख, शिवमन्दिर से कासाटोली हेतु 12 लाख रूपये की घोषणा की गई है।



## संक्षेप

### कार खाई में गिरी, 4 घायल

**कवर्धा,2 मार्च।** जिले के हनुमत खोर के पास एक कार हादसे का शिकार हो गई। अयोध्या से लौटने के दौरान कार खाई में गिर गई जिससे तीन महिला समेत चार लोगों को गंभीर चोंट आई है जिसे एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के तीन महिला सहित एक ही परिवार के चार लोग अयोध्या गये हुए थे। जहां से कवर्धा के रास्ते अपने घर सुकमा वापस लौट रहे थे। इसी बीच कवर्धा जिले के कुनकुरी थाना इलाके के हनुमत खोर के पोलमी घाट के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में चारों को गंभीर चोंट आई। घटना के बाद वहां मौजूद राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। जिसके बाद कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है।

### ईडी ने लिया जनपद सीईओ को हिरासत में

**जशपुर,2 मार्च।** जिले के मनोरा जनपद पंचायत सीईओ वीरेंद्र सिंह राठौर को ईडी के टीम ने लिया हिरासत में लिया है . वीरेंद्र राठौर के सरकारी निवास पर ई डी की टीम ने दबिश दे कर जांच की थी. रायपुर से दो गाड़ियों में चार अधिकारी पंहुच कर निवास में मिले सभी दस्तावेजो को खंगला गया. ईडी की टीम ने कड़ी पूछताछ करने के लिए जनपद सीईओ को लेकर गए रायपुर रवाना हुई है . हालांकि श्री राठौर के निवास में हुई जांच में क्या गड़बड़ी मिली है इसका खुलासा नहीं हो पाया है. मनोरा से पहले जनपद पंचायत सीईओ वीरेंद्र सिंह राठौर कोरबा जिले में पदस्थ थे

### एफआईआर होते ही शराबी टीचर फरार

**बिलासपुर,2 मार्च।** बिलासपुर में दारूबाज टीचर को सस्पेंड करने के साथ ही उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इधर, केस दर्ज होने के बाद शराबी टीचर फरार हो गया है। पुलिस ने उसके ठिकानों पर दबिश भी दी, लेकिन वो नहीं मिला। टीचर 2 दिन पहले स्कूल के स्टाफ रूम में महिला हेडमास्टर के सामने शराब पी रहा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। दरअसल ग्राम मचहा में पदस्थ सहायक शिक्षक संतोष कुमार केंवट 28 फरवरी को देर से स्कूल पहुंचा। वह शराब के नशे में था और उसकी जेब में शराब की शीशी भी रखी थी। वो स्टाफ रूम में बैठकर महिला हेडमास्टर के सामने पैग बनाकर शराब पी रहा था।

## हत्या के आरोपी रायपुर और नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**कोरबा,2 मार्च।** अंधे कत्ल की गुत्थी को जिले की पुलिस ने सुलझा ली है। अजय प्रकाश साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 14फरवरी के रात्रि 22.30 बजे से दिनांक 15 फरवरी के सुबह 09.00 बजे के मध्य मेरे भाई अमित कुमार साहू को किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ग्राम औरई से लबेद वनमार्ग पर सिर को पत्थर से कुचलकर एवं बोलेरो वाहन से कुचलकर हत्या कर दिया गया है कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



पुलिस की टीम के द्वारा थाना करतला क्षेत्रातंर्गत कैम्प करके सभी पहलुओं को बारीकी से जाँच पड़ताल करने में जुट गई, टीम को पूछताछ के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक को फोन करके बोलेरो कोरबा हॉस्पिटल मरीज को ब्लड देने जाने के लिए किया गया था। पुलिस की जाँच पड़ताल में यह पता चला कि जिस नंबर से फोन आया था वह मोबाईल केरवा के व्यक्ति का था, जिससे पूछताछ पर पता चला कि काले रंग के स्कूटी मे दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा शाम को बात करने के बहाने मेरे मोबाईल फोन को लूट लिया गया था। जाँच के दौरान पुलिस को मृतक के परिवार द्वारा बताया गया कि मेरा छोटा बेटा अजय प्रकाश साहू ग्राम नवाडीह मे ही ग्राहक सेवा केन्द्र का संचालन करता है एवं मेरा बड़ा बेटा अमित साहू द्वारा गाडी बुकिंग एवं खेती किसानी का कार्य अपने पिताजी दादूलाल साहू के साथ करता है।

पुलिस को यह भी शंका हुआ कि मृतक के मृत्यु का कारण जमीन विवाद, परिवरिक कलाह, आपसी लेनदेन का विवाद हो सकता है। इन सभी पहलुओं पर लगातार गाँव वालों एवं अन्य आसपास के गाँव के व्यक्तियों से विवाद संबंधित बातों को लेकर किसी व्यक्ति से कोई दुश्मनी तो नही है, लेकिन पुलिस को जाँच के दौरान मृतक एवं उनके परिवार के बारे मे कोई बात ऐसा पता नही चला सघन पूछताछ जारी रखा गया था। पवन कुमार कंवर के निशानदेही पर रायपुर से हेमलाल दिव्य एवं राजेश कुमार लहरे को उत्तर प्रदेश, गोरखपुर नेपाल बार्डर के पास से पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान कार्रवाई कराया गया जिसमे मोबाईल लूट के आरोपियों को प्रार्थी द्वारा पहचाना गया।

आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किये उनके द्वारा बताया गया कि लूटपाट एवं फिरौती के नियत से मृतक को धोखे से बुलाकर अपहरण किये थे। हम लोग जानते थे कि उन दोनो भाईयों के पास पैसा रहता है। इसलिए हम

## राजिम में विराट संत समागम 3 से

**राजिम,2 मार्च।** माघ पूर्णिमा से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला की भव्यता दिनों दिन बढ़ रही है। राजिम कुंभ का आयोजन माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक होता है। इसमें विराट संत-समागम का प्रारंभ 3 मार्च यानी कल से होगा। साधु-संतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें संत महात्माओं द्वारा विभिन्न प्रकार के यज्ञ अनुष्ठान को पूरी वैदिक रीतियों के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प में 3 मार्च से शुरू होने वाली संत समागम के आयोजन में भाग लेने के लिए संतों का राजिम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन महात्माओं को यथा-स्थान निर्धारित जगह पर ठहराया जा रहा है। संत समागम में भाग लेने आने वाले संत महात्माओं के ठहरने का राज्य शासन द्वारा उचित प्रबंध किया गया है।



अभी तक विभिन्न संप्रदाओं और अखाड़ों के संतो का आना शुरू हो गया है। जिनमें जनकपुरी महाराज, भोलागिरि महाराज, शीतल गिरि महाराज, नागा साधु के अलावा अन्य संत भी पहुंच चुके है। इसके साथ ही भोजन, पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।इसके साथ ही आज से शुरू हो रहे संत समागम में ‘गाथा श्रीराम मंदिर की’ का भी आयोजन होगा। इस गाथा में श्रीराम जन्मभूमि के 500 साल के इतिहास से लेकर प्रभु श्रीराम लला की प्राणप्रतिष्ठा तक की कथा सुनाई जाएगी।

## महादेव सट्टा एप :रतनलाल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करेगी ईडी

**रायपुर,2 मार्च।** महादेव एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा एक्शन लिया है। बताया गया कि महादेव ऐप मामले के फरार आरोपी रतनलाल जैन की तलाश के लिए जल्द रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पिछले साल नवंबर में ईडी द्वारा कथित महादेव बुक ऑनलाइन बैटिंग ऐप से जुड़े सभी पहलुओं की जाँच के दौरान 5.39 करोड़ की नगद और 15.59 करोड़ का बैंक बेलेंस ईडी द्वारा जब्त किया गया था। जिसमे गिरीश तलरेजा और रत्नलाल जैन की बड़ी भूमिका निकल कर सामने आई थी। बता दें कि महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी ने बीते दिनों महादेव सट्टा ऐप के मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि ईडी को महादेव सट्टा ऐप मामले की जांच के दौरान गिरीश तलरेजा और रतनलाल जैन के शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों का ट्रांसजेक्शन मिला था। वहीं इसी मामले में आरोपी रतनलाल जैन अभी फरार बताया जा रहा है। अधिकारीयों ने जानकारी देते हुए बताया कि, 8 दिन की ईडी रिमांड में आरोपी नीतीश ने कई अहम जानकारी दी है।

## 17 जुआरी गिरफ्तार, 6 बाइक, 10 मोबाइल समेत बड़ी रकम जब्त



**बालोद,2 मार्च।** जिले के पुरुर के घने जंगलों में जुआ खेलते 17 लोगों को पुरुर पुलिस और सायबल सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 6 मोटरसाइकिल, 10 मोबाइल और एक लाख आठ हजार तीस रुपए जब्त किए हैं. सभी जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने सदर छत्तीसगढ़ जुआ 2022 3(2) के तहत कार्रवाई की है. जानकारी के मुताबिक, पुरुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे. इसके बाद पुरुर पुलिस ने एवं साइबर सेल में संयुक्त टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम भेजा मैदानी गोरसाकट्टा के घने जंगलों में दबिश दी, जहां पुलिस को देखकर कुछ जुआरी भाग खड़े हुए. वहीं पुलिस ने 17 जुआरियों को पकड़ने में सफलता पाई. जुआरियों के कब्जे से 10 नग मोबाइल, 6 मोटरसाइकिल और एक लाख आठ हजार 30 रुपए जब्त कर सदर छत्तीसगढ़ जुआ 2022 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है.

### आंखों देखा हाल : खेल मुकाबले को घर-घर पहुंचाने की कला

jasclaudius@gmail.com

## क्यों पड़ रही है डी.डी. स्पोर्ट्स की चमक फीकी?

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आदि से समाज में खेलकूद गतिविधि का विशेष महत्व है। इतिहास में प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार खेलकूद की स्पर्धा के बारे में लिखित तौर पर प्राचीन ओलंपिक खेलों की जानकारी ईसा पूर्व 776 से उपलब्ध है। अतः स्पष्ट है कि खेलकूद के संबंध में लेखन की शुरुआत ईसा पूर्व 776 के आसपास हुई। इसके पश्चात सोलहवीं सदी तक चीन, जापान, यूरोप, भारत आदि देशों में क्षेत्रों में खेलकूद संबंधी जानकारी साहित्य में बहुत कम प्राप्त होता है। उल्लेखनीय है कि 17वीं, 18वीं सदी में नये-नये खेलों का उदय हुआ अर्थात् उसकी महत्ता मानव समाज में बढ़ती चली गई। 19वीं सदी के अंतिम वर्षों में खेल प्रतियोगिता को नई दिशा मिली जब व्यक्ति अपनी आवाज को ध्वनि तरंगों द्वारा मैच देख रहे लोगों तक मैदान में पहुंचाने लगे फिर रेडियो तरंगों के माध्यम से रेडियो के द्वारा मुकाबला स्थल के आसपास मैच का विवरण किसी भी खेल प्रेमी या श्रोता के पास बिना मैदान में पहुंचे आने लगा। 1898 से 1917 के दौरान रेडियो के माध्यम से मैच के विवरण को दूसरे स्थानों पर सुना जाने लगा। फिर आवाज के साथ-साथ चित्र को देखने की परंपरा शुरू हुई। 1936 के बर्लिन ओलंपिक में पहली बार दृश्य-श्रव्य पद्धति से प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले जा रहे मैच का सीधा प्रसारण हुआ। भारत में 1923 से 1927 तक रेडियो से कार्यक्रम प्रसारण का दौर चला। भारत में 1959 में टेलीविजन से प्रसारण की शुरुवात हुई। धीरे-धीरे रेडियो से फिर टेलीविजन से टूर्नामेंट की जानकारी संबंधी खेल समाचार, रेडियो में आंखों देखा हाल फिर दूरदर्शन के द्वारा मैच का सीधा प्रसारण शुरू हुआ। खेलकूद को लोकप्रिय बनाने के लिए समय व परिस्थिति अनुसार उपलब्ध संचार माध्यमों का इस्तेमाल करके कई बदलाव किए गए। एक समय भारत में निजी या विदेशी प्रसारण/संचार माध्यमों को खेल हो या अन्य कुछ भी स्थानीय घटनाओं की जानकारी देने की छूट नहीं थी। परंतु समय परिवर्तन से सब कुछ बदलता चला गया। दूरदर्शन में भारत में खेलों को लोकप्रिय बनाने के लिए पहले भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत प्रसार भारती का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत 18 मार्च 1998 को डी.डी. स्पोर्ट्स चैनल की शुरुवात हुई। आरंभिक दौर में यह चैनल भारत के गांव-गांव तक लोकप्रिय रहा लेकिन तकनीक, अनुबंध प्रक्रिया, स्टाफ आदि की कमी से परेशानी आई और अब तो प्रमुखतः जियो, सोनी, स्पोर्ट्स स्टार आदि चैनल आगे बढ़कर विभिन्न स्पर्धाओं के प्रसारण अधिकार को प्राप्त कर रहे हैं। यह ठीक है कि प्रसार भारती इस दौड़ में खड़ा नहीं रह सका परंतु 2014 के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आते ही 2017-18 से खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बीच गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स और नेशनल गेम्स का नियमित आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त लगभग सभी स्पर्धाओं का लुप्त प्राय तथा ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीति के तहत सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। दुर्भाग्य की बात है कि अन्य निजी व विदेशी खेल चैनल की अपेक्षा डीडी स्पोर्ट्स से मैच के सीधे प्रसारण में कई खामियां है जिससे डीडी स्पोर्ट्स चैनल की लोकप्रियता बहुत कम है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए नियुक्त किए जा रहे डीडी स्पोर्ट्स के प्रभारी अधिकारी, प्रोग्राम प्रोड्यूसर स्वयं टेलीविजन कामेंट्री की विधा से परिचित नहीं है। टेलीविजन के प्रसारण का सीधा सिद्धांत कमेंटेटर को खेल व दर्शकों के बीच नहीं आना चाहिए। इस बात की उन्हें जानकारी नहीं है प्रोड्यूसर तो कमेंटेटर से कहते हैं अरे चुप क्यों हो गये बोलो ना? जो ना बोले वह अच्छा कमेंटेटर नहीं है। एक समय था जब गोवर्धन शर्मा, दीक्षित, आइजक, अजय, अविनाश, संजीव सोनी डीडी स्पोर्ट्स के कर्ताधर्ता थे तब अनेक कमेंटेटर को अवसर दिया जाता था। यहां तक रिजर्व कमेंटेटर रखे जाते थे। आज तो प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुरूप खेलों को भारत के गांव-गांव में पहुंचाने की नीति से खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेलो इंडिया से सीधे प्रसारण के लिए करोड़ों रुपये आबंटित किया जा रहा है तो डीडी स्पोर्ट्स के वर्तमान प्रभारी अधिकारियों ने बंदर के हाथों में उस्तुरा कहावत को चरितार्थ करते हुए कम से कम कमेंटेटर बुक करने की नीति बनाई है और यह जांच का विषय है कि नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया में किस तरह एक ही स्पर्धा के दौरान एक-एक कमेंटेटर को तीन-चार मैचों में कामेंट्री करने का अवसर दिया जा रहा है जैसे कि कमेंटेटर पर खर्च उनकी जेब से किया जा रहा है। चर्चा तो यहां तक है कि मौका दिये जा रहे वर्तमान कमेंटेटर में से कुछ तो अपनी इच्छा के अनुसार मैचों की कामेंट्री प्राप्त करते हैं। इस तरह बेरोजगार, प्रतिभाशाली कमेंटेटर की उपेक्षा की जा रही है। यह सब बंद होना चाहिए तभी डीडी स्पोर्ट्स चैनल का कल्याण होगा।




# एक नजर

## कृषि पंप कनेक्शन के साथ कैपेसिटर लगाने की अपील

**दुर्ग/बालोद/बेमेतरा, 3 मार्च।** गर्मी के मौसम में धान और चने की फसल में सिंचाई के लिये एक साथ कृषि पंप चलने से लोड बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों का घनत्व ज्यादा है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक महोदय श्री मनोज खरे ने बताया कि बेमेतरा क्षेत्र में कृषि पंपों का घनत्व बहुत अधिक हो गया है। प्रत्येक पंप की मोटर इंडक्टिव (क्वाइल से बना) लोड है। जब एक साथ अधिक संख्या में पंप चलते हैं तो पूरे वितरण सिस्टम का लोड असंतुलित होकर बहुत अधिक इंडक्टिव हो जाता है और विद्युत प्रणाली का पॉवर फैक्टर कम हो जाता है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर की क्षमता पर एक तरह की छद्म/इंडक्टिव लोडिंग बढ़ जाती है और वोल्टेज कम हो जाता है। इसके लिये आवश्यक है कि राज्य शासन द्वारा कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिए जारी निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक किसान अपने पंप पर कैपेसिटर अनिवार्यतः लगाये।इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रत्येक स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। 33 के वी उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की जा रही है एवं अतिरिक्त् पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा रहे हैं। उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफॉर्मर पर छद्म/इंडक्टिव भार कम किये जाने हेतु कैपेसिटर बैंक की स्थापना की जा रही है। वोल्टेज बढ़ाने हेतु पावर ट्रांसफार्मर की टैप संख्या बढ़ाई जा रही है। किसानों से अपने कृषि पंप कनेक्शन में केपिसिटर लगाने की अपील की गई है।बेमेतरा जिले के नांदघाट क्षेत्र में ग्रामीणों व्दारा लो वोल्टेज की समस्या को लेकर जानकारी दी गई थी। जिनके निराकरण के लिए पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने त्वरित कार्य आरंभ कर दिये हैं। क्षेत्र के फेल ट्रांसफॉर्मर तुरंत बदले जाने की व्यवस्था की जा रही है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि रबी फसल में प्रमुख रूप से धान लगाये जाने के कारण कृशि पंपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई हेतु अधिक मात्रा में पानी के उपयोग होने से आकस्मिक रूप से विद्युत लाईनों एवं ट्रांसफार्मर पर अधिक भार आ गया है, जलस्तर नीचे जाने से पंप ज्यादा करंट/लोड ले रहे हैं। फलस्वरूप कुछ क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई है। अतः समस्त कृषकों से आग्रह है कि अपने स्थापित पंप के स्टार्टर के समीप कैपेसीटर स्थापित करें, ताकि लो-वोल्टेज की समस्या का निदान हो सके एवं पंप जलने की समस्या से बचा जा सके। यह प्रमाणित तकनीकी उपाय है और इससे लो वोल्टेज की समस्या से तत्काल राहत प्राप्त की जा सकती है। कृषकों से अनुरोध है कि निम्नानुसार अपने कृषि पंप में कैपेसिटर लगाएं।

## दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भिलाई, 2 मार्च** भिलाई सुपेला के एक दो पहिया वाहन के शो रूम के संचालक और उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया गया है एक टायर व्यापारी ने आरोपित दंपती के खिलाफ दुर्ग कोतवाली थाना में शिकायत की इसके आधार पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि टायर व्यापारी दिनेश टावरी की शिकायत पर अनाल होंडा शो रूम के संचालक तरुण चावला और उसकी पत्नी संगीता चावला के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है पुलिस ने बताया कि आरोपित दंपती की नेहरू नगर में एक जमीन है। वर्तमान में वह जमीन बैंक में बंधक है। आरोपितों ने बंधकशुदा जमीन का सौदा दिनेश टावरी से किया था आरोपितों ने दावा किया था कि वे लोग एडवांस के रुपयों को बैंक में जमा कर उससे जमीन को मुक्त करवा लेंगे और उसके बाद वे लोग उसकी रजिस्ट्री कर देंगे इस पर पीड़ित ने आरोपित दंपती के बैंक के खाते में कुल पांच करोड़ रुपये ट्रांसफर किए पांच करोड़ रुपये लेने के बाद भी आरोपितों ने न तो जमीन को मुक्त करवाया और न ही पीड़ित के नाम पर उसकी रजिस्ट्री करवाई पीड़ित ने जब रुपयों की मांग की तो पीड़ित दंपती ने उसे अलग अलग चेक दिए जिसे बैंक में जमा करने पर वो चेक भी बाउंस हो गए इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की ।

## जमीन धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 2 मार्च।** भिलाई जमीन धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी ने पाटन क्षेत्र के ग्राम गब्दी में एक ही जमीन को दो व्यक्यिों को बेच दिया था पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र कुमार साहू के खिलाफ धारा 418, 420 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया पुलिस ने बताया कि कि आरोपी आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुका है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि 29 फरवरी को खुर्सीपार सेक्टर-1 निवासी मासूक हुसैन ने शिकायत की थी 11 मार्च 2014 को ग्राम गब्दी निवासी आरोपी गजेन्द्र कुमार साहू पिता झमेन्द्र कुमार (38 (38 वर्ष) वर्क्स) से से 0.21 हेक्टेयर जमीन को 3 लाख रुपए में खरीदा। उसकी रजिस्ट्री किया लेकिन भूमि का प्रमाणीकरण नहीं कराया। इसी जमीन को उसने दूसरे व्यक्ति को बेंच दिया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## ट्रेन से उतरे यात्री का पर्स पार, अपराध दर्ज

**भिलाई, 2 मार्च।** भिलाई ट्रेन से परिवार सहित स्टेशन पर उतरे यात्री का पर्स चोरी हो गया। स्टेशन से घर जाने के बाद जब प्रार्थी को सामान में लेडिस पर्स नहीं मिला, तब उसने जीआरपी चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी चौकी दुर्ग पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है दुर्ग जीआरपी चौकी प्रभारी एसके राठौर ने बताया कि कोहका भिलाई निवासी रमेश परमार ने शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर लगभग सिकंदराबाद-रायपुर ट्रेन से परिवार सहित दुर्ग स्टेशन पर उतरा था वह सामान लेकर स्टेशन से बाहर निकाल कर ऑटो पकड़ा एवं ऑटो से वह अपने घर चला गया घर जाने पर नहाने एवं खाना खाने के बाद जब उसने सामान को चेक किया तो देखा लेडीज पर्स गायब है उस पर्स में सोने का मंगलसूत्र 15000 रुपए नगद एवं मोबाइल रखा हुआ था।

# जन-भावना मुलाकात में पंडरिया विधायक ने सुनीं जनता की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 2 मार्च।** विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं का विषय हो या जनता के अधिकार की बात पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपनी निरंतरता दिखाते हुए जनहित व क्षेत्र से जुड़े लगभग 73 प्रश्न विधानसभा में किये। इसके साथ ही जनता की सेवा एवं सुविधा के लिए तत्पर भावना बोहरा लगातार पंडरिया विधानसभा में जनहित से जुड़े विषयों और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व निराकरण करने का कार्य भी कर रहीं हैं। इसी कड़ी में भावना बोहरा ने इंदौरी मंडल में जन-भावना मुलाकात के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान शिविर में समस्त शासकीय विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे जिन्हें विधायक भावना बोहरा ने समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने मुझपर विश्वास जताते हुए अपना सहयोग देकर एक जनप्रतिनिधि का दायित्व मुझे दिया है और इस दायित्व को पूरा करने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूँ। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता से मुलकात में बहुत सी मूलभूत समस्याएं सुनने को मिलती रहती थी, परन्तु पिछली सरकार में उनका निराकरण ठीक से नहीं हो पा रहा था। पूर्व की कांग्रेस सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण जनता की समस्याएं केवल कागजों तक ही सिमित रहती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जनता की समस्याएं सुनीं भी जाएँगी और उनका तत्काल निराकरण भी किया जाएगा यह हमारी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयास करती रहूंगी।क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना न पड़े इसके लिए हमने यह तय किया है प्रतिमाह हम जनता के बीच जाएंगे, उनके गाँव-गाँव में जाकर ÷जन-भावना मुलाकात÷ के माध्यम से वहां की मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन करने के साथ ही जनता की प्रमुख मांग व समस्या से अवगत होंगे तथा जितनी जल्दी हो सके उसका निराकरण करने के लिए प्रयास करेंगे। इसके लिए हमने कुछ क्षेत्रों में जनसेवा ही भावना केंद्र की स्थापना भी की है और बाकि कुछ जगहों में भी इस केंद्र की स्थापना हम जल्द ही करने वाले हैं, जिससे क्षेत्र की जनता को अपनी तकलीफों के लिए जिला मुख्यालय अथवा ब्लॉक कार्यालय आने-जाने की असुविधा न उठानी पड़ें और उनके गाँव के समीप ही इन सभी परेशानियों का समाधान हो सके। यह एक अत्यंत ही सुगम माध्यम भी होगा हमारे लिए जनता से जुड़ने का, उनके बीच समय बिताने का और उनसे सीधे संवाद करने का। हमें विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से एक जनप्रतिनिधि और जनता के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा और यही सामंजस्य क्षेत्र की प्रगति एवं विकास का प्रमुख आधार बनेगा।भावना बोहरा ने आगे कहा कि ÷जन-भावना मुलाकात÷ के दौरान हमें जितने भी जनता से जुड़े सुझाव, मांग, समस्याएं तथा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु जानकरी मिली है उसे हम पूरा करने के लिए पूर्ण प्रयास किया जाएगा। बहुत सी ऐसी समस्याएं भी सामने आई हैं जिनका हमने यथास्थल पर भी तत्काल निराकरण किया है और कुछ ऐसी समस्याएं जो प्रशासन एवं विभाग द्वारा किये जाने हैं उसके लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए गए हैं। हमें विश्वास है कि ऐसे प्रयासों से जनता को सुविधा एवं लाभ दोनों मिलेंगे साथ ही अपने क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों, मुद्दों एवं समस्याओं को दूर करने में उनके बीच जागरूकता भी आएगी और उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित होगी। प्रति माह हम विभिन्न क्षेत्रों में जनता से सीधे मुलाकात करेंगे, उसके पूर्व क्षेत्रवासियों को इसकी सूचना भी पहुंचाई जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों के समस्याओं व दुविधाओं का समाधान हो सके। इस शिविर के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन, जनता को उसका लाभ दिलाने एवं जानकारी साझा करने का भी हमारा उद्देश्य है ताकि अधिक से अधिक लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके, उसमें आ रही समस्या का निराकरण भी किया जा सके।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह 3 मार्च को, 290 जोड़े लेंगे सात फेरे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 मार्च।** कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में रविवार 03 मार्च को राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कबीरधाम जिले के 290 नवदंप्त जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल होंगे और नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सामूहिक विवाह स्थल सरदार पटेल मैदान में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के हितग्राही वर और कन्या पक्ष तथा उनके निकटतम संबंधियों को उनके निवास स्थल से विवाह स्थल, कवर्धा में वर और वधु पक्ष को ठहराने के लिए बनाएं गए अलग-अलग व्यवस्था सहित विवाह की तैयारियों की पूरी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, डीएसपी श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने वर-वधु पक्ष को ठहराने के लिए चिन्हांकित भवन एवं स्थल वीर सावरकर भवन, पुराना मंडी स्थल, बिलासपुर मार्ग में स्थित अंबेडकर भवन और आदिवासी मंगल भवन का निरीक्षण किया। यहां बताया गया कि वर पक्ष को पुरानी मंडी स्थल में ठहराया जाएगा। इसी प्रकार कन्या पक्ष को वीर सावरकर भवन और अंबेडकर भवन में ठहराया जाएगा।

पुरानी मंडी, गांधी मैदान से वर पक्ष का सामुहिक बारात निकाली जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि रविवार को 290 नव जोड़ो का विवाह कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसमें कवर्धा परियोजना से 19, दशरंगपुर से 13, पंडरिया से 30, कुण्डा से 30, कूकदूर से 42, बोड़ला से 28, चिल्फी से 57, तरेगांव जंगल से 61, सहसपुर लोहारा से 10 जोड़ों का विवाह संपन्न होगा।

# पंडरिया में सरयूपारी ब्राह्मण समाज का गठन ,नरेंद्र तिवारी बने अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 मार्च।** सरयूपारीब्राह्मण समाज के विकास खंड स्तरीय गठन हेतु बैठक रखा गया। कार्यक्रम की शुरुवात गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र से हुआ। ? की ध्वनि से पूरा कक्ष गुंजायमान हो गया।उक्त बैठक में समाज के संरक्षण व विकास की गति आगे बढ़ाने हेतु अध्यक्ष पद हेतु ब्राह्मण समाज के सक्रिय सदस्य नरेन्द्र तिवारी को सरयूपारियब्राह्मण समाज का अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया ।अध्यक्ष पद का प्रस्ताव श्री रूपेश तिवारी ने रखा। युवा ब्राह्मण अध्यक्ष पद हेतु सुमीत तिवारी को मनोनीत किया गया।उपाध्यक्ष पद हेतु हरेकृष्ण शुक्ला एवम आशुतोष शर्मा तथा सचिव पद हेतु रामनरायण तिवारी को जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति दिय आज के समाज गठन के कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में हरि पाठक , दिनेश तिवारी , तामस्कर तिवारी,श्रीसंतोष शर्मा,श्री जवाहर तिवारी, प्रगेश तिवारी,भानुप्रताप तिवारी, जितेंद्र तिवारी,एवम विधिक सलाहकार के रूप में क्रांति शर्मा, आशीष मिश्रा, नवलकिशोर पांडेय, अनिल तिवारी, श्रीकांत तिवारी मनोनीत किये गए। राजेश पांडेय ने संचालन करते हुए बताया कि शेष कार्यकारिणी का गठन आगामी बैठक में किया जाएगा।सरजुपाड़ी ब्राम्हण समाज के बैठक में तामस्कर तिवारी , हरेकृष्ण शुक्ला , भानु प्रताप तिवारी, दिनेश तिवारी व क्रांति शर्मा ने अपने उदबोधन में समाज की उत्पत्ति की शुरुवात से वर्तमान तक, रूपरेखा व सामाजिक नियम पर प्रकाश डाला। सरजुपारिय ब्राम्हण समाज के बैठक में भानु तिवारी हरि पाठक सन्तोष शर्मा क्रांति शर्मा अनिल तिवारी आशीष मिश्रा आनन्द किशोर पन्डेय नरेन्द्र तिवारी सुमित तिवारी जितेंद्र तिवारीमहेश पांडेय, रोहित पाठक,चंद्रभूषण शर्मा,विद्याभूषण, डिगेश्वर,शंकर मिश्रा,अमित शर्मा,उमेश तिवारी,आनन्द तिवारी,उपेंद्र चौबे,चंद्रहास शर्मा,पुष्पेन्द्र पाठक, तनिष्क तिवारी, अग्रज पाठक,तेज प्रकाश,चैतन्य शर्मा,अंकित तिवारी,अग्रज पाठक डेगेश्वर पांडेय आनंद किशोर पांडेय रूपेश तिवारी आसपास गांव व शहरों से सरजुपारियविप्र बंधु उपस्थित थे। अंत मे शांति पाठ कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एक दिवसीय तेंदूपत्ता शाख कर्तन के लिए कार्यशाला आयोजित

**महासमुंद।** वन परिक्षेत्र महासमुंद के तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष-2024 शाख कर्तन के लिए कार्यशाला का आयोजन 01 मार्च को वन विद्यालय महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता जिला वनोपज सहकारी संघ महासमुंद के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान, उपाध्यक्ष अमर नाग, एआर बंजारे उप प्रबंध संचालक महासमुंद, मारकंडे सदस्य राज्य कार्यकारिणी, श्री ध्रुव सदस्य जिला कार्यकारिणी एवं पोषक अधिकारी, फड़ प्रभारी, फड़ मुंशियों की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि की आंसदी से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा शाख कर्तन की गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता के लिए महत्वपूर्ण कार्य होने बाबत आव्हान किया गया,

## सीताबाड़ी में खुदाई के दौरान मिला था ढाई हजार साल पुराना कुंआ

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन रामोत्सव के थीम पर मनाया जा रहा है। आयोजन को लेकर राजिम सहित आसपास के क्षेत्रों के लाइट डेकोरेट से सजाया गया है। वहीं राजिम मेला क्षेत्र के पैरी नदी किनारे सीताबाड़ी में लोगों की भीड़ बढ़ रही है। सीताबाड़ी का ऐतिहासिक महत्व है। यहां पुरातत्व विभाग द्वारा पिछले वर्षों में खुदाई की गई थी। खुदाई के दौरान मौर्य काल तक के अवशेष मिले थे। अवशेष के आधार पर पुरातत्वेता के अनुसार इस जगह पर किसी समय में बंदरगाह होने की पुष्टि मिलती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी समय में इस बंदरगाह से व्यापार किया जाता रहा होगा।सीताबाड़ी में पुरातत्व विभाग द्वारा की जा चुकी है खुदाई जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले सीताबाड़ी में पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई की गई थी। खुदाई के दौरान मौर्यकाल तक के अवशेष मिले थे। तात्कालीन सीताबाड़ी खुदाई के प्रभारी रहे डॉ. अरुण शर्मा ने बताया था कि सिरपुर के उत्खनन में करीब 2600 वर्ष पहले के अवशेष प्राप्त हुए थे।

# निगम कार्यालय का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** संभागायुक्त ने निगम भिलाई के विभागीय कार्यो का औचक निरीक्षण कर जन सामान्य के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने , अपने कार्य के लिए आने वाले नागरिको से उत्तम व्यवहार रखने की सलाह अधिकारी कर्मचारी को दिए ।



निगम मुख्य कार्यालय सुपेला मे शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे संभागायुक्त एस.एन. राठौर पहुँचे और आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के साथ विभागो का निरीक्षण किये। उन्होने भवन अनुज्ञा शाखा में पहुँचकर भवन अधिकारी से नियमितीकरण के प्राप्त आवेदनो की प्रगति की जानकारी लिए और लोगो को नियमितीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु लम्बित प्रकरणो पर शीध्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टैक्स वसूली काउन्टर में पहुँचकर उन्होने कर्मचारियो से टैक्स भुगतान की प्रक्रिया को समझा तथा आनलाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरलीकृत करने को कहा ताकि नागरिको को घर बैठे टेक्स भुगतान कि.सुविधा मिले। राठौर ने करो का भुगतान करने के लिए आने वाले नागरिको के लिए बैठने एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वे विवाह पंजीयन काउन्टर में पहुँचकर विवाह पंजीयन की पुरी प्रक्रिया से अवगत होते हुए जानना चाहा कि अब तक कितने पंजीयन किये जा चुके है। काउन्टर में पदस्थ कर्मचारी ने बताया कि जनवरी माह से अभी तक 400 विवाह पंजीकृत किये जा चुके है । संभागायुक्त ने काऊंटर मे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ योजना के लगे बेनर पोष्टर को नये लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम कार्यालय में स्थापित कैन्टीन को परिसर मे अन्य उचित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिये श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक जो अपने कार्य के लिए निगम कार्यालय पहुँचते है उनके साथ अधिकारी कर्मचारियो का व्यवहार उचित हो ताकि निगम की छवि लोगो के बीच अच्छा रहे। आने वाले नागरिको के लिए पर्याप्त पेयजल, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शौचालय की साफ-सफाई नियमित रूप से करने को कहा। ताकि लोगो को स्वच्छ और अच्छा

# विधायक के प्रथम नगर आगमन पर सभी ने किया स्वागत

**जामुल,2 मार्च।** नगर पालिका कार्यालय जामुल में क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा का निर्वाचन के बाद प्रथम बार आगमन हुआ । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत पालिका के सभी जनप्रतिनिधी एवं अधिकारी, कर्मचारी द्वारा किया गया । तत्पश्चात पालिका सभागार में संयुक्त परिचय सम्मेलन किया गया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नगर पालिका में दलगत भावना से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर विकास कार्य किये जाने संबंधी विचार व्यक्त किये साथ ही किसी भी विषय पर सामजस्य एवं सबके विचारों के सहमति बनाकर जामुल के विकास यात्रा लगातार आगे बढ़ाने की बात कही और कहा कि जनता के हित में जो भी कार्य हो उसके लिए हमारा पूरा पालिका परिवार एकमत होकर कार्य करेगा यही हम सबका प्रयास होगा । मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक माननीय डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने



विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने की बात की और कहा कि वर्तमान में सरकार की ओर से कई योजना संचालित है । उसका अधिक से अधिक लाभ आम जनता को मिले इसके लिए आप सभी जनप्रतिनिधीगण हमेशा प्रयासरत रहे और अधिकारी कर्मचारीगण अपना कार्य निष्पक्षता के साथ करें । ग्रीष्मकालीन पेयजल कार्य हेतु विधायक महोदय द्वारा 26.00 लाख रूपये की घोषणा किया गया ।कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने किया । कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चेन्नेवार, पार्षदगण सबीहा करीम खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चेन्नेवार, सीमा यादव, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन वरिष्ठ जन जागेश्वर सोनी, मंडल अध्यक्ष यशवंत ठाकुर, संजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधी हेमन्त देवांगन, राजेश यादव, दुर्योधन साहू, राजेश वर्मा, मन्नु यादव, करीम खान, मनीष साहू, अधिकारी गण सोनी, हर्षा डेहरिया, पुरूषोत्तम सोनी, मोहन वर्मा, हरीश साहू, भानू चौहान, प्रकाश मानिकपुरी उपस्थित थे ।

# महिला मोर्चा ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका

**महासमुंद।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अत्याचार जैसी जघन्य अपराध के विरोध में आज भाजपा कार्यालय के समक्ष महिला मोर्चा व भाजपा के पदाधिकारियों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और टीएमसी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कि तृणमूल सरकार के शासन में महिलाओं के साथ लगातार दरिंदगी हो रही है। उन्होंने ममता बनर्जी को पद से हटाने और ममता सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष



सतपाल सिंह पाली, झलप मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, हनी गंभीर, सुधा साहू, सुजाता विश्वनाथन, निरंजना शर्मा, मीना वर्मा, पार्वती साहू, गोपा साहू, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, राजेश्वरी तिवारी, नूतन कुर्रे, उत्तरा प्रहरे, लक्ष्मी साहू, प्रीति सोनी, अलका पुंज, हुलसी चंद्राकर, गिरजा दास, चुनेश्वरी साहू, हेमलता यादव, उषा पाल, सुनीता साहू, सारिका यादव, देवकी साहू, सविता तारक, माधवी सिक्का, अमन वर्मा, आकाश पांडे, हनीस बग्गा, मुन्ना देवार, मुन्ना साहू, नीलम दीवान, अजय चोपड़ा, महेंद्र सिक्का,

# लोकसभा चुनाव संचालन के लिए महासमुंद विधानसभा कार्यालय का शुभारंभ

**महासमुंद, 2 मार्च।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को लोकसभा चुनाव संचालन के लिए महासमुंद विधानसभा कार्यालय का शुभारंभ जिला भाजपा कार्यालय महासमुंद में सांसद चुन्नीलाल साहू, लोकसभा प्रभारी रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पिछड़ा



वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण, पूजार्चना के साथ हुआ।महासमुंद कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाने के पश्चात लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक बूथों पर 370 प्लस वोट की लीड की जो अपेक्षा कार्यकर्ताओं से की है, हम सभी उस पर खरा उतरेंगे। लोकसभा प्रभारी विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने विकसित भारत की एक ऐतहासिक गाथा लिखी है। मोदी के कार्यकाल में भारत देश पूरे विश्व में सशक्त, शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। गांव, गरीब, मजदूर, किसान के उत्थान और विकास को समर्पित केंद्र की भाजपा सरकार ने सबका साथ विकास के संकल्प को लक्ष्य बनाकर सुशासन की स्थापना किया है। सांसद चुन्नीलाल साहू ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दी हुई गारंटी पर पूरा देश विश्वास करता है। पूरे विश्व में सर्वाधिक लोकप्रिय जननायक में हमारे प्रधानमंत्री मोदी का नाम शामिल होता है ये हम सभी के लिए गर्व की बात है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, हर घर शौचालय निर्माण, उज्जवला गैस वितरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि जैसे अनेक योजनाओं से महिलाओं को मानसम्मान से जीवन जीने का सुअवसर प्रदान किया है। भाजपा का प्रत्याशी लोकसभा की सभी 8 विधानसभा सीट में ऐतिहासिक जीत अवश्य हासिल करेगा ।

# न्योता भोज से मानसिक और शारीरिक रूप से पुष्ट होंगे स्कूली बच्चे:अरुण साव

**रायपुर, 2 मार्च।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा स्वास्थ्य मंत्री एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज पेंड्रा में स्कूली बच्चों के न्योता भोज में शामिल हुए। उन्होंने बड़े स्नेह से बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला प्रशासन द्वारा आयोजित न्योता भोज में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, श्री प्रणव कुमार मरपच्ची और श्री किरण सिंह देव ने बच्चों को खीर, पूड़ी, पुलाव, पापड़, सलाद, चटनी और केला परोसा। उन्होने नन्हें बच्चों को अपने हाथों से खाना खिलाया और उनके साथ लाइन में बैठकर भोजन किया। उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और विधायकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ पौष्टिक और स्वादिष्ट न्योता भोज किया।



उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने न्योता भोज के दौरान बड़ी आत्मीयता और सहजता से बच्चों से बात की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में न्योता भोज अभियान चलाया है। यह प्रेरणा देने वाली योजना है। इससे बच्चों को सामूहिक रूप से भोजन करने का अवसर मिल रहा है। न्योता भोज में पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं गर्म भोजन मिलने से बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से पुष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस योजना के तहत लोगों और संगठनों से विशेष मौके जैसे राष्ट्रीय पर्व, त्योहार, जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ के मौके पर स्कूली बच्चों को भोजन कराने की अपील की है। मुख्यमंत्री की अपील पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चल रहा है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, वन मण्डलाधिकारी श्री शशि कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के. शास्त्री, श्री कन्हैया राठौर, श्री राकेश चतुर्वेदी और श्री लालजी यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक न्योता भोज में शामिल हुए।

## एक नजर

### सरकार सभी वर्गों के समावेशी विकास की दिशा में काम कर रही:शिव वर्मा

**राजनंदगांव 2 मार्च।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्च के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने बताया कि प्रदेश की सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश भर भर की महिला शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन योजना के तहत राशि मिलना शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश भर में महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरने के लिए महिलाओं ने बाढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा फॉर्म भरने की प्रक्रिया आगे भी प्रारंभ रहेगी। ताकि ताकि पात्र माता एवं बहनों को इसका लाभ मिल सके। छत्तीसगढ़ सरकार हर छत्तीसगढ़िया के भांजे श्री राम के दर्शन का सपना पूरा करेगी। साथ ही प्रदेश की सरकार चरण पादुका योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा पूरे विधानसभा क्षेत्र मे प्रदेश सरकार के सभी योजना तथा केंद्र सरकार कि मोदी गारंटी योजना को भी शिविर के माध्यम से योजना का लाभ लेने के लिए जनता को प्रोत्साहित कर रहे हैं शिविर में जनता से जुड़े हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता को कैसे लाभ मिले इसकी भी जानकारी पूरा प्रदेश में जनता को जानकारी दे रहे हैं। प्रदेश की सरकार सभी वर्गों के समावेश विकास की दिशा में काम कर रही है। तथा जनता से जुड़ी हुई समस्याओं को समाधान करने की दिशा में पहल कर रही है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरण किया जा रहा है कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, उद्यान विभाग द्वारा पावर स्पेयर, पशुधन चिकित्सा विभाग द्वारा बैंक वार्ड कुकट इकाई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, मत्स्य पालन विभाग द्वारा नाव जल योजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुकन्या योजना समृद्धि योजना ऐसे अनेक योजना का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है।



### अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम सख्त

**राजनांदगांव 2 मार्च।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर लगातार कार्यवाही की जा रही है, कार्यवाही की कडी में सिंगदई बायपास रोड में अलग-अलग दो स्थानों पर छोटे-छोटे टुकडो में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग करने पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने संबंधितों को नोटिस जारी किया है। अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। निर्देशानुसार नगर निगम की टीम सख्त रवैया अपना कर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कडी कार्यवाही कर रही है। उन्होने बताया कि वार्ड क्र. 50 सिंगदई बायपास रोड में खसरा नं. 225/1 को श्री विजय सिंह आ. श्री गजाधर सिंह एवं अन्य 6 लोगो के द्वारा छोटे-छोटे टुकडो में विभाजित करने मुरूम फिलिंग कर ले-आऊट किया गया है। इसी प्रकार इसी रोड में खसरा नं. 259/1 को श्री खिलावन दास आ. स्व. श्री भूषण दास एवं अन्य 10 लोगो के द्वारा इसी प्रकार टुकडो में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी।



### एमेजॉन अब हरियाणा में महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने का मौका दे रहा



**रायपुर 2 मार्च।** एमेजॉन इंडिया ने आज हरियाणा में अपने एक बड़े सॉर्ट सेंटर में वीमन इन नाइट शिफ्ट्स (विन्स) के लॉन्च की घोषणा की है। एमेजॉन की मौजूदा पहलों में एक और पहल विन्स जोड़ी गई है, जिसमें महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहायक काम करने का वातावरण बनाया जाएगा। पुरुषों और महिलाओं दोनों को विभिन्न शिफ्ट्स में काम करने के समान अवसर दिए जाएंगे। साथ ही सभी के लिए समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। भारत के कुछ राज्यों में नियमों के तहत खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा के मद्दे नजर और भलाई के बारे में सोचते हुए वेयरहाउसिंग ऑपरेशन्स के काम के लिए नाइट शिफ्ट में महिलाओं की ड्यूटी पर रोक है। इसलिए विन्स पहल को सफल बनाने के लिए रक्षा, हिफाजत और भलाई को केंद्र में रखा गया है। एमेजॉन इंडिया सभी के लिए समान काम के अवसर की वकालत करते हुए राज्य सरकारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। अपनी भरपूर कोशिशों और अधिकारियों के सहयोग से कंपनी ने तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब और अब हरियाणा की चुनिंदा साइट्स पर महिलाओं के लिए नाइट शिफ्ट ऑपरेशंस को सफलतापूर्वक सक्षम किया है। लिजू थॉमस, डायरेक्टर ऑफ एचआर, इंडिया ऑपरेशन्स, एमेजॉन इंडिया ने कहा, ÷हम सभी को समान अवसर देने और कार्यस्थल पर महिलाओं को आने वाली मुश्किलों को दूर करने में विश्वास करते हैं। साथ ही महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने में मदद करने के लिए हम सरकार के आभारी हैं।

# अंतर जिला स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ी उत्साह से हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 मार्च।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक झा के दिशा निर्देश पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 29.02.2023 को रक्षित केंद्र राजनांदगांव में रेंज स्तर पर पुलिस पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिला राजनांदगांव एवं मोहल्ला -मानपुर- अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई के खिलाड़ियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक झा द्वारा खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुए उनकी हौसला अफजाई की गई उन्होंने कहा जीवन में खेल का बहुत महत्व है इससे हमारी शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है प्रतियोगिता में दो पहलू होते हैं हार या जीत परंतु यह हमें सबसे महत्वपूर्ण चीज जो मिलती है वह है अवसर के साथ सिख जो हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव श्री दीपक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें बैडमिंटन डबल में पुरूष वर्ग प्रथम स्थान प्र0आर0 554 नरेन्द्र देवांगन एमएमएसी, प्र0आर0 40 अनिल नेताम राजनांदगांव, द्वितीय स्थान आर0 22 रामनारायण तिवारी कबीरधाम, आर0 374 अमित ठाकुर कबीरधाम, पुरूष वर्ग गोला फेक में प्रथम स्थान आर0 484 विकास पटेल राजनांदगांव, द्वितीय स्थानआर0 1866 अविलेश ढीढ़ी राजनादगांव, महिला वर्ग गोला फेक में प्रथम स्थान म0आर0 1946 ईश्वरी साहू एमएमएसी, द्वितीय स्थान म0आर0 1056 तामेश्वरी केसीजी, पुरूष वर्ग लम्बी कुद में प्रथम स्थान आर0 1921 तारकेश्वर साय राजनांदगांव, द्वितीय स्थान आर0 189 राहुल सिंह एमएमसी, महिला वर्ग में प्रथम स्थान म0आर0 1946 ईश्वरी साहू, द्वितीय स्थान तामेश्वरी साहू केसीसी, पुरूष वर्ग तिरंदाजी में प्रथम स्थान आर0 सुरेश भोई राजनांदगांव, गेंडी दौड़ पुरूष वर्ग में आर0 142 राजकुमार साहू कबीरधाम, द्वितीय स्थान आर0 1757 रविशंकर पटेल एमएमएसी, 100 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में आर0 1921तारकेश्वर साय राजनांदगांव, द्वितीय स्थान आर0 189 राहुल सिंह एमएमएसी, पुरूष वर्ग 200 मीटर दौड में आर0 1921 तारकेश्वर साय राजनांदगांव, द्वितीय स्थान आर0 262 कपिल सिंह एमएमएसी, पुरूष वर्ग 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान आर0 1819 शिवकुमार रजवाड़े राजनांदगांव, द्वितीय स्थान आर 262 कपिल सिंह एमएमएसी, महिला वर्ग 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, म0आर0 1946 ईश्वरी साहू एमएमएसी, द्वितीय स्थान पुष्पा चंद्रवंशी कबीरधाम, पुरूष वर्ग 3000, 5000, 10000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अशोक वर्मा राजनांदगांव, द्वितीय स्थान किशन देवांगन राजनांदगांव, पुरूष वर्ग उचीं कुद में प्रथम स्थान आर0 484 विकास पटेल राजनांदगांव, द्वितीय स्थान आर0 1750 नंदकुमार मेरावी केसीजी, महिला वर्ग में प्रथम स्थान 1056 तामेश्वरी केसीजी, द्वितीय स्थान म0आर0 1980 श्रद्धा श्वेता केसीजी, व्हालीबाल कबीरधाम की टीम प्रथम स्थान और कबड्डी में राजनांदगांव की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर श्री अमित पटेल, डीएसपी यातायात श्री हेमप्रकाश नायक, रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद कुमार साहू एवं पुलिस स्टाफ वह पुलिस परिवार के लोग उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति से जुड़ने को तैयार

**रायपुर, 2 मार्च।** स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और तेज करने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य देश के प्रमुख राज्यों में शामिल हुआ है। स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता को देखते हुए यहां ड्रोन के माध्यम से स्वास्थ्य सामग्री और ब्लड सैंपल्स भेजने का सफल परीक्षण किया गया है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के विजनके ड्रोन हेल्थकेयर प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया है जिसके तहत देश के 660 मेडिकल कॉलेज में से 25 कॉलेज का चयन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज, अंबिकापुर का चयन किया गया था।

ड्रोन उपयोगिता के इस सफल परीक्षण में भारत की प्रमुख एसएएएस-बेस्ड ऑटोनॉमस लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशस प्रदाता कंपनी स्काई एयर मोबिलिटी इस सफल ट्रायल को संचालित किया। और अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक से छत्तीसगढ़ में हेल्थकेयर डिस्ट्रीब्यूशन में एक नए युग की शुरुआत की एक झलक पेश की।

इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य इनोवेटिव ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में इमरजेंसी सैम्पलिंग रिपोर्टिंग में बदलाव लाना है। स्काई एयर मोबिलिटी द्वारा ब्लड सैम्पल्स को33 किलोमीटर दूर स्वास्थ्य देखभाल संस्थान तक पहुंचाकर प्रोजेक्ट की अपार क्षमता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।



इसके अलावा, यह ड्रोन पहल महिला सशक्तिकरण के लिए एक प्रमाण के रूप में खड़ी है, जिसमें परिचालन भूमिकाओं के लिए %ड्रोन दीदियों% का प्रशिक्षण सरगुजा और बस्तर में स्वास्थ्य देखभाल अंतराल को पाटने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। टेक्नोलॉजी और सामाजिक जिम्मेदारी का यह प्रयास एक महत्वपूर्ण प्रगति का उदाहरण है, जो इस क्षेत्र में एडवांस्ड हेल्थकेयर डिलीवरी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का वादा करता है।

स्काई एयर का प्रमुख ड्रोन मॉडल, स्टारलाइनर, टैम्परेचर कंट्रोल बक्से से सुसज्जित है।

## कंचनबाग में निर्मित सामुदायिक भवन का महापौर हेमा ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव 2 मार्च।** नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 32 में कंचनबाग अटल आवास के पास महापौर निधि अंतर्गत 3.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले व श्री गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुद्दा, वार्ड पार्षद श्री मनीष साहु विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व में वार्ड के सबनम सबा, स्नेहा रामटेके, सायरा बानो, सुशीला खरे, कुसुम सोरी, आसमा बेगम, गिरजा यादव, गंगा बाई मेश्राम द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, वार्डवासियें की मांग पर महापौर निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है।



# पुलिस ने वाहन चोर को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 2 मार्च।** प्रार्थी घासीराम पाल पिता स्व. प्रेमलाल पाल उम्र 59 वर्ष साकिन ग्राम बापूटोला पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कमलेष सिन्हा गांव संबंधी रिस्तेदारी में भांजा लगता है जो एस0के0 फाइनेंष कंपनी राजनांदगांव से बोलोरो पीकप महेन्द्रा कंपनी का क्रमांक सी0जी0-14-एम0डी0-3641 दिसम्बर माह में 5,00000/रूपये में फाईनेष कराया था जिसे मछली फार्म हाउस बापूटोला में खडा किया था मुझे पन्द्रह दिन बाद मेरे घर में धान कुटवाने बोलोरो पीकप की आवष्यकता पडने पर मैं मछली फार्म हाउस में जाकर चौकीदार से पूछा कि पीकप कहा है तब चौकीदार ने बताये कि उसे दिनांक 18.01.2024 को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति ले गये है जानकारी होने पर आस-पास रिस्तेदारो में पतातलाष किये पता नही चलाने से अज्ञात चोर द्वारा पिकअप चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा- 457, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर चौकी प्रभारी उमेश बघेल द्वारा चिचोला से टीम गठित कर मुखबीर सूचना पर एवं ष्छ्व1 से प्राप्त फुटेज से संदेही नागपुर निवासी निसार अहमद पिता अंसार कुरैषी उम्र 24 वर्ष पता संगमनगर मस्जिद के पास नागपुर थाना यषोधरा नगर जिला नागपुर महाराष्ट्र को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया और बताया की चिचोला निवासी कमलेष के द्वारा एस0के0 फाइनेंस कंपनी राजनांदगांव से फाइनेंस कराया गया था जो फाइनेंसर को फाइनेंस का पैसा नही पटाना पडे जिसके लिए षडयंत्र कर आरोपी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देकर पीकप वाहन को गलत कार्य हेतु मोमीनपुर जिला नागपुर महाराष्ट्र रखा हुआ था जिसे मौके से बरामद किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।



## शिविर से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को मिलता है बहुत फायदा:दीपक झा

# आईजी और कलेक्टर जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 मार्च।** जिले के अंतिम छोर छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत जोब में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शासन के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। आईजी श्री दीपक कुमार झा ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जनसमस्या निवारण शिविर से बहुत फायदा मिलता है। उन्होंने इसका अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम अंतर्गत नवा बिहान पुलिस और ग्रामीणों के बीच विश्वास बनाये रखने में मदद करता है क्योंकि इसके लिये पुलिस को सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने समुदाय के साथ मिलकर सहयोग करते हुए कार्य करने की आवश्यकता होती है। जिसका उद्देश्य जीवन और सुरक्षा की भावना की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में लर्निंग लायसेंस बनाया जा रहा है। जिनका नहीं बना है वे स्टॉल में जाकर लर्निंग लायसेंस जरूर बनाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। उन्होंने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करने कहा। शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी और वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी नहीं करने की समझाईश दी। जिससे दुर्घटना से बचा जा सकता है। इस अवसर पर गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई। जिससे उनका शिशु हृष्ट-पुष्ट जन्म ले। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि शासकीय योजनाओं से जोडने् और लाभान्वित करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय जानकारी के साथ स्टॉल में उपस्थित है। इसका अधिक से अधिक लाभ जनसामान्य जरूर लें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य यहां लगाए गए स्टॉल का अवलोकन करें, हो सकता है कि कोई ऐसी योजना होगी, जो आपके लिए लाभकारी होगी। जो योजना का लाभ ले रहे हैं उस योजना की जानकारी अच्छे से लेने कहा। उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना परम्परागत हुनरमंद शिल्पकारों एवं कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना में पंजीयन कराने पर शिल्पकारों और कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को हुनर के आधार पर उपकरण एवं मशीन के लिए ऋृण उपलब्ध कराने के साथ जरूरत के आधार पर टूलकिट उपलब्ध कराया जाएगा।



## समाचार संक्षेप

### गुण्डाधुर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित



**राजनांदगांव 2 मार्च।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के द्वारा प्राचार्य डॉ सी आर पटेल, जिला संगठक श्री शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी श्री समलेश पोटाई एवं रासेयो विशेष सलाहकार श्री हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में दिनांक 29 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 23 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में जिला संगठक श्री शशिभूषण कन्नौजे का आगमन हुआ और उनके द्वारा स्वयंसेवकों को रासेयो से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछा गया साथ ही साथ विभिन्न जानकारियां भी दिया गया, और स्वयंसेवकों को अग्रिम वार्षिक परीक्षा हेतु मार्गदर्शित किया। परीक्षा को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकेश पोयाम, देवेंद्र सेठिया, जिगेश कोमरे, द्रोणा प्रसाद, प्रियंका सोरी, रयतू कश्यप, बिंदिया नेताम, भावेश पोयाम, दिशा नेताम, मुकेश कुमार, मनेश एवम् सूर्यप्रकाश का विशेष योगदान रहा। बी प्रमाण पत्र परीक्षा में परीक्षार्थी स्वयंसेवक मनीषा नेताम, लक्ष्मी, विशाल, लक्ष्मीनाथ, महिमा, मोतीन, अंजू पटेल, भुनेश्वर पोयाम, अजय, संजय कुमार, बलराम, नागेश, जयलाल, संध्या, प्रमिला, हरिचंद, मंगोती, संजय कोर्राम, चांदनी, लिशा, मूंजी, मिनिता एवम् सुखलाल आदि शामिल हुए। महाविद्यालय में बी प्रमाण पत्र परीक्षा के साथ साथ रासेयो का एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित किया गया था जिसमे साथी स्वयंसेवक बरखा नाग, खिलेंद्र, ओमप्रकाश, अंजू बॉस, कशिश यादव, डोलेश्वरी, डॉली ठाकुर, दुर्गेश, प्रतिभा एवं धनसाय उपस्थित रहे।

### उडऩदस्तों ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 2 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा की निगरानी के लिए उडऩदस्ता दल का गठन किया गया। हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 अंतर्गत आज हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्री आदित्य खर्रे व दल क्रमांक 1 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलई, घुमका, भैंसातरा, वेसलियन स्कूल, महरानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय एवं डीएमसी श्री सतीश ब्यौहारे व दल क्रमांक 2 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिचोला, छुरिया, खोभा, बखरूटोला का निरीक्षण किया गया। परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह व दल क्रमांक 3 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी, जंगलपुर, कोकपुर, आमगांव, मोहड़, बालक शाला डोंगरगांव एवं दल क्रमांक 4 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा, देवकट्टा, बेलगांव, मुसरा, बिल्हारी, ढारा का निरीक्षण किया गया। जिले में आज आयोजित परीक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या 9766 एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या 94 रही तथा किसी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं पाया गया।

### घुपसाल में लगाया गया चलित थाना



**राजनांदगांव 2 मार्च।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा व एस0डी0ओ0पी0 डोंगरगांव के मार्गदर्शन में दिनांक-01.03.2024 को थाना गैंदाटोला क्षेत्र के ग्राम घुपसाल में थाना स्टाफ के साथ ग्राम पहुंचकर चलित थाना लगाया गया । उपस्थित जनप्रतिनिधी व ग्रामीणों से आपस में बातचीत कर उनसे समस्या पूछा गया, जो ग्राम में कोई बड़ी समस्या नहीं होना बताया गया। चलित थाना के दौरान वर्तमान में मोबाईल फोन के माध्यम से हो रहे बैंक फ्राड, ऑन लाईन फ्राड, सायबर ठगी, एटीएम ठगी जैसे अपराध एवम् अज्ञात फोन काल से बचने, यातायात नियम का पालन वाहन चलाने के समय हेलमेट पहनने के संबंध में बताया गया एवं साथ ही मोबाईल पर किसी भी धर्म जाति आदि के संबंध में गलत बातें वायरल न करने आदि के संबंध में समझाईश दिया गया। नवा बिहान कार्यक्रम के तहत उपस्थित ग्रामीणजनों को नशामुक्त हेतु लोगों को जागरूक होने व नशे से दूर रहने, नशे की लत को छोड़ने समझाईश देते हुए महिला एवं नाबालिग बच्चों की सुरक्षा हेतु सजग रहने तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई । लोगों को सेना में अग्निवीर पद पर बच्चों को भर्ती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित ग्रामीणजनों द्वारा पुलिस से किसी प्रकार से कोई शिकायत नहीं होना एवम् पुलिस के द्वारा आयोजित चलित थाना एवम् इस दौरान पुलिस द्वारा अपराध के संबंध में दी गई जानकारी के बारे में प्रशंसा की गई। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान पंचगण, ग्राम पटेल एवम् करीबन 30-40 ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# कभा कभी कोई पार्टी पहुंचती है इस मुकाम पर

देश में कभी कभी ही कोई पार्टी उस मुकाम पर पहुंचती है जहां पहुंचने की इच्छा तो सभी राजनीतिक दल करते हैं लेकिन पहुंचता कोई कोई कोई है। क्योंकि उस मुकाम तक पहंचना आसान नहीं होता है। कई दशक लग जाते हैं,उस मुकाम पर पहुंचने में। इसलिए वही पार्टी ही इस मुकाम पर पहुंचती है जो कई दशकों तक मजबूत रहती है, जिस पर एक दो दशक तक जनता भरोसा करती है। ऐसी एक पार्टी कांग्रेस इस देश में हुई है, जिसके नेता के नाम व निशान पर प्रत्याशी चुनाव जीत जाया करते थे। तब प्रत्याशी कौन है यह कोई ज्यादा मायने नहीं रखना था, लोग यह देखते थे कि कांग्रेस का प्रत्याशी है, कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहा है,बस लोगों के वोट देने के लिए इतना ही काफी होता था। प्रत्याशी कोई भी हो वह चुनाव जीत जाता था।तब कांग्रेस के नेता पर भरोसा करते थे लोग, वह मानते थे कि कांग्रेस सत्ता में हैं तो देश सुरक्षित है, देश विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। जनहित के काम होते रहेंगे। देश में राजनीतिक स्थिरता बनी रहेगी। तब यह भी माना जाता था कि केंद्र में सरकार चलाना सिर्फ कांग्रेस को आता है, क्योंकि केंद्र में कई बार गैर कांग्रेस सरकारें बनी लेकिन कोई भी सरकार पांच साल नहीं चली।इंदिरा गांधी की मौत के बाद एक बार कांग्रेस सरकार को बहुमत मिला, उसके बाद तीस साल तक इस देश में बहुमत वाली सरकार बनी ही नहीं। जनता ने किसी को बहुमत नहीं दिया। उसे कोई राजीतिक दल बहुंमत देने लायक नहीं लगा। कभी कांग्रेस साझा सरकार बनाती थी तो कभी भाजपा साझा सरकार बनाती थी। इस तीस साल में किसी दल का कोई नेता या निशान ऐसा नहीं था कि जिस पर जनता आंख मुंदकर भरोसा करे और पार्टी के नाम पर प्रत्याशी को जिता दे। मोदी सरकार के दस साल के बाद आज ऐसी स्थिति 2024 के लोकसभा चुनाव में बनती नजर आ रही है। माना जा रहा है कि इस चुनाव में जनता भाजपा के कमल निशान व पीएम मोदी के नाम पर वोट देगी। जनता के लिए इस बार यह ज्यादा मायने नहीं रखता है कि प्रत्याशी कौन है, उसके लिए यह मायने रखता है कि भाजपा के कमल निशान पर जो भी चुनाव लड़ रहा है, उसे वोट देने से उसका भला होगा तथा देश का भी भला होगा। पीएम मोदी ने दस साल में अपने काम के जरिए ऐसी छबि बनाई है कि आज उनके नाम पर जनता वोट देती है। भाजपा के कमल निशान पर जनता वोट देती है। कई चुनावों में साबित हो चुका है कि जनता पीएम मोदी के नाम पर वोट देती है। गुजरात, यूपी के चुनाव के साथ है हाल ही में हुए तीन विधानसभा चुनाव में भी यह साबित हुआ है कि जनता ने पीएम मोदी के नाम पर वोट देकर भाजपा को जिताया है। दूसरे दलों के नेताओं की गांरटी की जगह जनता ने मोदी की गारंटी पर ज्यादा भरोसा किया है। विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कोई छोटे नेता नहीं थे, मोदी के सामने, अपने राज्य में अच्छा काम करने वाले नेता थे लेकिन जब भूपेश बघेल व अशोक गहलोत व पीएम मोदी को चुनने की बात आई तो जनता ने भूपेश बघेल व अशोक गहलोत को नकार कर पीएम मोदी को चुना। इससे साबित हुआ है कि जनता लोकसभा चुनाव में तो पीएम मोदी के नाम पर वोट देती है लेकिन अब उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि विधानसभा चुनाव में भी जनता उनके नाम पर वोट देती है। इससे भाजपा में पीएम मोदी का महत्व और बढ़ गया है तथा पार्टी के नेताओं में यह भरोसा पैदा हुआ है कि इस लोकसभा चुनाव में जनता लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के नाम पर और ज्यादा वोट देगी तथा और ज्यादा सीटों पर चुनाव जिताएगी। जब कोई पार्टी इस मुकाम पर पहुंच जाती है तो उसे प्रत्याशी चयन से लेकर चुनाव जीतने तक कोई खास परेशानी नहीं होती है। पार्टी किसी को भी प्रत्याशी बनी सकती है, किसी को प्रत्याशी बनाने से मना कर सकती है। भाजपा की पहली सूची एक दो दिन में आ सकती है। जिस नेता व मंत्री ने अच्छा काम नहीं किया होगा उसकी टिकट काट दी जाएगी तथा किसी अच्छा काम करने वाले को टिकट दी जाएगी। भाजपा आज इस मुकाम पर है कि वह किसी को टिकट देगी तो वह भाजपा का प्रत्याशी होने के कारण चुनाव जीत जाएगा। सभी प्रत्याशी भले चुनाव न जीते लेकिन बहुमत से ज्याद तो जीत ही सकते हैं। यह भाजपा का लक्ष्य है कि इस बार बहुमत से जितनी ज्यादा सीटे जीती जा सकती हैं ,जीतने का प्रयास किया जाना चाहिए। हर तरह से स्थिति भाजपा के अनुकूल है, इसलिए भाजाप इसका फायदा भी उठा सकती है।

**विश्लेषण**

**ललित गर्ग**

# समृद्धि के शिखर एवं गरीबी के गड्ढे वाली दुनिया



वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय-समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार-संरचना के लिये घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है।

भारत में अंबानी एवं अडाणी छोटे व्यापारियों के निवाले छीन रहे हैं तो दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव-संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव-कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है?

भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। प्रश्न यह है कि क्या समृद्धि लोगों की शक्ति ही समाज के विकसित होने का मापदंड होती जा रही है? क्या इधर जीवन मूल्यों पर मनुष्य या मानव समाज की पकड़ कमजोर हो रही है और बाजार की मजबूत? क्योंकि इन समृद्ध लोगों की बाजारवादी नीतियों से खरीदना, निरंतर खरीदना एक सामाजिक आदत-सी बन गई है। आम जनता से अधिक इन समृद्ध लोगों पर सरकार का भरोसा बढ़ना एक आदर्श समाज व्यवस्था की बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है। मुश्किल यह है कि किसी के दुख को समझने के लिए जो जीवन मूल्यों की नजर चाहिए, उसे बाजार ने हाई-जैक कर लिया है। इंसानियत कमतर हो तो कोई बात नहीं, ब्रांड वैल्यू बढ़नी चाहिए? ऐसी परिस्थिति में आम आदमी क्या करे?

महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त एवं ऐसे ही आर्थिक समानता के सिद्धांतों को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। ऐसे नये बन रहे आर्थिक समाज एवं चैट जीपीटी और जेमिनी के जमाने में बाजारवाद गूगल फिट जिस वर्ग को चहलकदमी के लिए प्रेरित करता है, वह वर्ग यह कैसे समझे कि युद्ध हो या महामारी, आर्थिक संकट हो या एआई का भय, हर परिस्थिति में गरीब, और गरीब होता जाएगा।

भारत आम चुनाव की चौखट पर खड़ा है, चुनाव में जीत हासिल करने की दौड़ तो सभी दलों में देखने को मिल रही है, लेकिन आम जनता के सामने खड़े बुनियादी प्रश्नों एवं संकटों का समाधान देने की पहल कोई दल करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इन सभी दलों को बाजार बनते भारत के फायदे तो नजर आ रहे हैं लेकिन भूख, अस्वास्थ्य, अशिक्षा, बेरोजगारी की समस्या का कोई ठोस समाधान इनमें से किसी भी दल के पास नहीं हैं। हर दशक गरीब और गरीब होते चले गए। और कहीं ना कहीं इसने एक सामाजिक निष्ठुरता को भी जन्म दिया जहां एक ओर तकनीक अपने चरम पर नजर आती है और वर्चुअल ही रियल बनता दिखता है और पैसा कमाना, रिश्ते बनाना और सामान खरीदना ही जीवन का यथार्थ बनता दिखता है। एमेजॉन ने हम सभी को बहुत सारी सुविधाएं तो दीं लेकिन साथ ही वस्तुओं को खरीदने व संग्रह करने की एक कभी ना खत्म होने वाली भूख भी दे दी। समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अमीर क्यों हो गए? या यह दुनिया तकनीक से लैस क्यों हो गई? प्रश्न यह है कि आखिर गरीबी से यह पृथ्वी मुक्त कब होगी? या होगी भी कि नहीं? मंगल ग्रह पर वो गरीब कैसे जाएंगे जो पृथ्वी पर जीवन-मरण के संघर्ष से जूझ रहे हैं? अमीरों की चतुराई, चालाकी एवं समृद्धि की भूख समूची सृष्टि के विनाश का कारण बने, उससे पहले सरकारों को अपनी सोच को बदलना होगा।

जैसे अल्फ्रेड नोबेल को अपने डायनामाइट के आविष्कार के संहारक होने का अपराध बोध हुआ। उन्होंने इसके चलते विश्व शांति व मानवता को समृद्ध करने वाले विभिन्न विषयों की प्रतिष्ठा के लिये अपनी कमाई से कालांतर नोबेल प्राइज की शुरुआत की थी। रिलायंस, अडानी, इंफोसिस, विप्रो, या दूसरी कंपनियों की कामयाबी भारतीय उद्यमशीलता की कामयाबी भले हो, लेकिन ऐसी हर कामयाबी अपने साथ नाकामियों एवं मानव-उत्पीड़न का हिसाब भी लेकर चलती है, मस्क की चिप जैसी व्यापारिक सोच से इंसान का भला होगा या नहीं, यह भविष्य के गर्भ में है। लेकिन यह गरीबी का मजाक उड़ाने का एक हथियार जरूर है। तार्किक बात यह भी है कि भारत जैसे विकासशील देशों में आम आदमी की पहुंच में यह सुविधा शायद मुश्किल से ही आए। भारत द्वारा दुनिया को दिये गए योग के वरदान से तमाम मनोविकारों का समाधान संभव है। अमेरिका के नोबेल पुरस्कार विजेता मनोवैज्ञानिक भी मानते रहे हैं कि प्राणायाम के जरिये अनेक मानसिक रोगों का उपचार संभव है। हम अपनी सेहत का संवर्धन करें ताकि चिप लगाने की नौबत न आए।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज में आप बहुत हद तक सफल हो सकते हैं। आज बेस्ट फ्रेंड से फोन पर आपकी लंबी बातचीत भी हो सकती है। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खास खबर मिल सकती है। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर रहेगा 7 आपको माता-पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का पेंडिंग काम आज पूरा हो सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा और कुछ नया सिखने को मिलेगा। आपकी सभी परेशानियाँ दूर होंगी।

वृष राशि-आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। अगर आप किसी धार्मिक संस्थान से जुड़े हैं, तो आपको लाभ होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आप किसी नये काम के बारे में सोच सकते हैं। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। आपको पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। सभी रुके काम पूरे होंगे सामाजिक स्तर पर आपका रुतबा बढ़ सकता है।

मिथुन राशि-आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को आज कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आप उसे पूरा करने में सफल भी होंगे। छात्र अपने मित्रों के साथ किसी सब्जेक्ट को लेकर चर्चा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के मामले में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आज किसी तरह के व्यर्थ के झगड़े में पड़ने से आपको बचना चाहिए। साथ ही अपने वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए आपको गलतफ़हमी लाने से बचना चाहिए। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ हो सकता है। साथ ही पड़ोसियों के बीच आपके किसी पुराने काम की तारीफ हो सकती है। आर्थिक लाभ के लिए आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। माता-पिता अपने बच्चों के साथ समय बितायेंगे साथ ही बच्चे भी आपने माता पिता से अपनी दिल की बात यर करेंगे। आज आप किसी नए काम के लिए प्लानिंग भी कर सकते हैं। कुछ नए कॉन्टेक्ट्स आपकी लिस्ट में शामिल हो सकते हैं, लेकिन किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। साथ ही वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरुरत है।

सिंह राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप किसी मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं। आपकी कोई इच्छा आज पूरी हो सकती है। कुछ लोगों से आपको शुभ काम में मदद मिल सकती है। रिश्तों में विश्वास बना रहेगा। जीवनसाथी से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज अधिकारियों से मिला कॉम्प्लीमेंट आपके उत्साह को बढ़ा सकता है। संतान का कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकता है, जिससे आपके काम की लिस्ट थोड़ी कम होगी। सफलता आपके कदम चूमेगी। व्यापार में बरकत होगी। धन लाभ के भी अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। साथ ही हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। आपके काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा योगदान रहेगा। आपको व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। सेहत के मामले में आप खुद को ताजगी से भरा हुआ महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में तरक्की होगी।

लवमेट को गिफ्ट दें।

तुला राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए। साथ ही कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिये एक्सरसाइज जारी रखनी चाहिए। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं 7 शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं। इससे पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर पर जा सकते हैं। साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे7 अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न हो सकते हैं। आप किसी नये आय के स्रोत का फायदा उठा सकते हैं। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है, भविष्य में इससे आपको काफी फायदा होगा। परिवार वालों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आपको कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपका कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। रिसर्च के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा सकते हैं। ये यात्रा आपके लिये बेहद सुखद रहेगी। आपके बच्चे आपकी बातों को अच्छे से समझेंगे। आपको उन पर गर्व होगा। काम के प्रति आपकी रुचि बनी रहेगी। स्वास्थ बेहतर रहेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है। साथ ही आपको किसी प्रतियोगी परीक्षा से रिलिटेड कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का महौल बना रहेगा। दाम्पत्य संबंध भी मधुरता से भरपूर रहेगा। किसी काम को लेकर आपकी उलझनें कम हो सकती हैं। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा जाएगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कोई खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई अन्य शुभ समाचार भी मिल सकता है, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। समाज के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा । साथ ही आपकी बातों से कुछ लोग प्रभावित भी होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी। आपको धन लाभ के कई मौके मिलेंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है। आज आपको सबकी मदद करके चलना चाहिए। आगे आपको भी मदद की जरूरत पड़ सकती है। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप अपने कठिन विषय पर शिक्षकों से चर्चा कर सकते हैं। सेहत के लिहाज से शरीर कुछ ढीला हो सकता है। आज आपको अपने गुस्से को नियंत्रण में रखना चाहिए, किसी से बहस होने की संभावना बन रही है। कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**व्यंग्य**

# मतलबी रिश्ते

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

मुझे इक्काडोर गए कई बरस हो गये थे। मुझे तो अब अपने घर का डोर भी याद नहीं रहा। बस याद आतीं तो घर की टपकती छत, बीमारी से बिस्तर पर लेटे पिता जी, बिन बिहाई तीन बहनें और ब्याज पर उठाए दस लाख रुपए। यहाँ काम करते हुए इतने दिन बीत गए लेकिन कभी सूरज के दर्शन नहीं हुए। कंपनी में हाई वोल्टेज की बत्तियाँ सूरज-चाँद बन जाएँ तो परदेसी के लिए क्या सूरज क्या चाँद। सब सपना ही होता है। कलाई पर घड़ी लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। यहाँ घड़ी-घड़ी मालिक के इतने ताने सुनने को मिल जाते हैं कि हर घड़ी एक युग सा लगने लगता है। वे बड़े सौभाग्यशाली होते हैं जो कम से कम घड़ी के कांटों की तरह एक-दूसरों से मिल तो लेते है और एक हम हैं जो रुकी हुई घड़ी की तरह एक ही स्थान पर पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। जिंदगी की खुशहाली का कोई रिचार्ज कार्ड नहीं होता। बिना वैलिडिटी की जिंदगी और लिमिटेड साँसों का झोल कब खेला कर जाए, पता ही नहीं चलता।



रुपयों का पेड़ कहीं नहीं होता। हाँ वहम का पेड़ हर जगह होता है। यही वहम है जो दुखी को सुखी और सुखी को दुखी बनाए रखता है। लोगों को यही लगा कि मैं परदेस में रुपयों की खेती कर रहा हूँ। हर दिन रुपयो की फसल काटता हूँ और भर-भरकर देश भेजता हूँ। आधी दुनिया आँखों वालों से भी इतनी अंधी है कि उन्हें अपनी कल्पना के सिवाय कुछ और दिखाई ही नहीं देता। अंधा होना और अंधा बनना एक दुर्भाग्य और दूसरा ईर्ष्या का परिणाम है। मेरे कई साल केवल कर्ज़ उतारने में चले गए। मैं इतना दुबला और निस्तेज हो गया कि मेरी तस्वीर का इस्तेमाल अस्पताल में किसी रोगी के लिए किया जा सकता था। बड़ी मुश्किल जैसे-तैसे बहनों की शादियाँ कीं। शादियाँ भी ऐसी जिसमें मैं नहीं था, लेकिन मेरा पैसा मेरी ओर से शादी की सभी खानापूर्ति कर रहा था। बिन बिहाई लड़कियों का भाई होना जीते जी पल-पल मरने के समान होता है। मैंने उनकी शादियों के लिए बूढ़े पिता को बीमारी से मरने के लिए छोड़ दिया। यह सब कैल्कुलेटेड जिंदगी का सबसे बड़ा अभिशाप है।

कई बरस तक घांस छीलने के बाद इक्काडोर का मतलबी डोर छोड़े अपनों की डोर थामने कर्जा कर घर पहुँचा। आने के एक-दो दिन बाद बहनों से मिलने गया। बहनें भी अब बच्चों वाली हो चुकी थीं। आते वक्त भांजों के हाथ पर सौ रूपया रख कर वापस हुवा । दूसरी बहन के यहाँ पहुंचने पर पचास-पचास रुपए और तीसरी बहन के यहाँ भांजो को दस-बीस रुपए थमा दिए। सोचा बहनें अपनी हैं तो मेरी मजबूरी भी समझेंगी। मुझे क्या पता था कि सबसे ज्यादा नासमझ मेरे अपने ही निकलेंगे। गैरों से ज्यादा अपनों की बातें अत्यंत पीड़ादायी होती हैं। घर पहुँचने से पहले बहनों ने माँ को फोन कर बता दिया था कि इतने बरसों बाद भाई आया है तो न जाने क्या-क्या उपहार देगा। लेकिन भाई ने हमारी नाक कटवा दी। उसने बच्चों को जो पैसे दिए थे उतने पैसे तो आजकल भिखारी भी अपने बच्चों को नहीं देता। यह सुनकर मुझे लगा कि जिंदगी में खुद के लिए बड़े बनो न बनो दूसरों के लिए जरूर बनना चाहिए।

**चिंतन**

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

# मत कर तू अभिमान रे बंदे , झूठी तेरी शान



यह हम सब जानते हैं कि हमारा जीवन ईश्वर द्वारा दिया गया सर्वोत्तम उपहार है । यह भी अकाट्य सत्य है कि जिंदगी का सफर हम सभी के लिए क्षणभंगुर है । एक पल में हंसी- खुशी और अगले ही क्षण गमों का पहाड़ भी हमारी जिंदगी मैं उथल-पुथल मचा जाता है। यही मानवीय जिंदगी की हकीकत है । जब मैं एकांत में होता हूं तो विचार करता हूं कि ईश्वर द्वारा दिए गए क्षणभंगुर जीवन मैं क्या करूं और क्या न करूं ? सबसे बड़ी बात यह कि यदि हम विचारशील मन को चंचल होने से रोकें तो हमारा जीवन चुप रहने की गिरफ्त में आ जाएगा । हमने अपने जीवन में देखा है , जो व्यक्ति हमेशा चुप रहता है, उसका जीवन चिंता और परेशानी की घोर बदली में लुका-छुपी कर रहा होता है , जिसे ठीक नही कहा जा सकता है । इसीलिए मैंने यह अनुभव किया है कि यदि हम अपने क्षणभंगुर जीवन को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बना लेते हैं , तो हमेशा के लिए जीवन जीना सीख लेंगे हमें इतनी ही सावधानी बरतनी होगी कि पल- प्रति - पल जीवन यात्रा में आने वाली छोटी खुशियों को बड़ी और स्थाई खुशी में तब्दील कर उसका आनंद लें । इसके विपरीत छोटी-छोटी परेशानियों को धूप - छांव मानकर शांत मन के साथ उसके बीच जाने का इंतजार करें । दुनिया की सबसे बड़ी सच्चाई यदि कोई है , तो वह है हमारी अपनी मृत्यु । इसे कोई नहीं टाल सकता है । हम अपने क्षण मात्र से जीवनकाल में साम्राज्य बनाने , धन इकट्ठा करने और खुद के सम्मान के लिए ही चिंता कर रहे होते हैं ।

जीवन की क्षण भंगुर प्रकृति के विषय में हमारी समझ से निराशा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए , बल्कि उस क्षण के प्रति गहरी सराहना होनी चाहिए जो हमें दिए गए हैं । प्रत्येक सूर्योदय , प्रत्येक साझा मुस्कान , दयालुता के प्रत्येक कार्य हमारे अस्तित्व की पिचकारी के अनमोल रंग बन जाते हैं । मानव जीवन क्षणिक है । इसमें आंतरिक सुंदरता का ही महत्त्व है । इस तरह की सोच के साथ हम इस मृत्युलोक में पाए गए बहुमूल्य घंटों में अर्थ , उद्देश्य और पूर्ति को प्राप्त कर सकते हैं । कारण यह कि हम नहीं जानते कि हमारा समय कब समाप्त होने वाला है । इसी मानव जीवन के संदर्भ में किसी कवि ने बड़ा सुंदर लिखा है :-

काम करो ऐसा , कि पहचान बन जाए ,<br>
हर कदम ऐसे चलो , कि निशान बन जाए ,<br>
यहां जीवन तो सभी काट लेते हैं ,<br>
जीवन जीओ ऐसे , कि निशान बन जाए ।

मैं कवि की उपर्युक्त भावना को पूरा समर्थन देता हूं । कारण यह कि आप और हम अपने जीवन में परिवार के लिए सब कुछ न्योछावर भी कर दें ,तो हमारी यादें अथवा हमारी कमी परिजनों के जीवन को कठिन करने वाली नहीं है । मनुष्य की मृत्यु के बाद ईश्वर द्वारा अन्य लोगों को दी गई शक्ति उनके दुखों को बुलाकर नए सिरे से जीवन जीने की प्रेरणा देती आ रही है ।

एक कटु सत्य जो हर इंसान जानता है लेकिन न तो कहने की हिम्मत करता है और न ही लिखने की । मैं आज उस सच्चाई को लिखने का दुस्साहस कर रहा हूं । क्या आप जानते हैं कि हमारे प्राण निकलने अथवा आत्मा के चले जाने के बाद हमारा क्या होता है ? जी ! हां ! इसे हर कोई बखूबी जानता है ! हमारी मृत्यु के बाद सबसे पहले हमारा ÷ नाम ÷ गुम हो जाता है , और परिजन सहित सगे- संबंधी ÷ बॉडी ÷ कहकर संबोधित करने लगते हैं । हम यदि सुबह-सुबह इस दुनिया चल बसे तो शाम होने से पहले हमें घर से निकाल कर श्मशान की ओर ले जाने की तैयारी शुरू हो जाती है । यदि हम दिन ढलने के बाद मृत्यु को प्राप्त होते हैं तो सारे लोग बेसब्री के साथ सुबह होने का इंतजार कर रहे होते हैं । हमारी आत्मा निकल चुकी होती है किंतु वह आसपास का दृश्य देख रही होती है । कुछ ही घंटों में रोने - बिलखने की आवाजें बंद हो जाती हैं । अंतिम संस्कार में आए रिश्तेदारों को कहां ठहराना है ? उनके भोजन की व्यवस्था कैसे करनी है ? इसे लेकर परिजनों में से कुछ लोग तैयारी में जुट जाते हैं । घर के छोटे बच्चे अथवा पोते- पोतियां अपने खेल में व्यस्त रहते हैं । इन सब के बीच कुछ ऐसे लोग भी फोन के माध्यम से औपचारिकता पूरी करते दिखाई पड़ते हैं कि किन्ही आपातकालीन कारणों से वे हमारे अंतिम दर्शन हेतु नहीं आ पा रहे हैं ! अंतिम संस्कार के बाद भीड़ धीरे-धीरे छंटने लगती है । घर के लोग भी अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं । कुछ कॉल आपके फोन पर भी आ रहे होते हैं । कारण यह की फोन करने वाले को यह पता नहीं होता कि आपकी मृत्यु हो चुकी है।

अभी आपकी आत्मा की शांति के लिए किए जाने वाले कर्मकांडों की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई होगी , किंतु आपका कार्यालय अथवा दुकान में आपकी जगह लेने वाले की तलाश तेजी से शुरू हो चुकी होगी ! यह तो फिर भी जरूरी कदम माना जा सकता है , किंतु आश्चर्य तो तब होता है जब आपकी चिता की आग ठंडी हो इससे पहले ही आपके बेटे- बेटी , अथवा पोते- पोती या फिर नाती - नातिन अपनी आपातकालीन छुट्टी समाप्त होने का बहाना कर काम पर लौटने लगेंगे ! तेरह दिन जैसे-तैसे शोक में रहते हुए बीत जाएंगे । जैसे ही शांति पाठ और मृत्यु भोज की परंपरा निपटी , कि लगभग सभी लोग अपनी सामान्य दिनचर्या में व्यस्त हो जाएंगे । अभी आपको गुजरे तीस दिन अथवा एक माह भी नहीं बीता होगा , कि आपका जीवन साथी मनोरंजन चलचित्र देखने थिएटर की दौड़ लगाता दिखाई पड़ेगा ! यह सारी गतिविधियां ठीक उसी तरह संपन्न होती दिखाई पड़ती है , जैसे किसी बूढ़े वृक्ष के पत्ते नीचे गिरकर पैरों तले चरमरा रहे हों ! हम जिनके लिए जीते-मरते हैं , उनके जीवन में हमारे जाने से कोई अंतर नहीं पड़ता ! यह कहना भी औपचारिकता में शामिल हो जाता है कि जो आता है उसे तो जाना ही होगा ! इस दुनिया से विदा लेने वाले की गलत फहमी जल्द ही दूर हो जाती है, और उसे आश्चर्यजनक रूप से पूरी गति के साथ भुला दिया जाता है !

## ज्यादा चाय पीने से भी वजन बढ़ सकता है जानें न्यूट्रीशियन क्या कहते हैं

भारतीय को चाय बहुत ज्यादा पसंद होती है. इसे आप मॉर्निंग ड्रिंक कह सकते हैं. क्योंकि यहां दिन की शुरुआत एक अच्छी सी चाय के साथ की जाती है. हम में से ज्यादातर लोग चाय के साथ अपनी दिन की शुरुआती करते हैं. लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो पूरे दिन चाय पीते रहते हैं. कुछ तो पूरे दिन में 4-5 कप चाय तो वहीं कुछ लोग इससे भी ज्यादा चाय पीते हैं.



फिटनेस लवर्स अक्सर चाय पीने से मना करते हैं. खासकर जो व्यक्ति अपना वजन कम करना चाहते हैं उन्हें तो साफ मना किया जाता है कि वह चाय न पिएं. लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सच में चाय पीने से वजन बढ़ता है

चाय पीने से वजन बढ़ता है

जिस तरह से हम भारतीय चाय पीते हैं ढेर सारा दूध और चीन-चायपत्ती डालकर. इस स्थिति में चाय पीने से वजन बढ़ता है. रिफाइंड में शुगर में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा होती है. आजकल मार्केट में कई तरह के दूध होते हैं. जैसे- लो-फैट मिल्क, टोंड मिल्क, पाश्चराइज्ड मिल्क आदि.

आजकल हम जिस दूध का इस्तेमाल करते हैं उसमें पोषक तत्व नाममात्र के होते हैं लेकिन फैट काफी ज्यादा होता है. गर ज्यादा फैट वाला दूध खाते हैं तो शरीर में चर्बी और वजन दोनों बढ़ जाता है. अगर कोई व्यक्ति रोजाना 2-3 कप चाय पी रहा है तो उसका वजन बढ़ जाएगा.

**क्या चाय नहीं पीना चाहिए:**

चाय पीने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन एक सीमित मात्रा में ही पीनी चाहिए. इससे वजन पर काफी खतरनाक असर पड़ता है. शरीर का हेल्दी वजन हमेशा मेंटेन में रखें।

## सही तरह करें प्रेगनेंसी प्लान, मां और बच्चा दोनों रहेंगे हेल्दी

शादी के बाद पैरेंट्स बनना हर कपल का सपना होता है. हर कोई चाहता है कि उनका बच्चा हेल्दी पैदा हो और उनकी बेहतर परवरिश करें. इसी वजह से शादी के बाद ज्यादातर कपल्स प्रेगनेंसी प्लान करने लगते हैं. यह जरूरी भी है, क्योंकि प्रेगनेंसी प्लान न होने से हमारे देश में बहुत से बच्चे जन्मजात बीमारियां लेकर आ रहे हैं. ऐसे में डॉक्टर का कहना है कि अगर गर्भधारण यानी प्रेगनेंसी से पहले सही तरह से पूरी प्लानिंग की जाए तो मां और बच्चे दोनों के लिए बेस्ट होगा.



### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशों में जितनी भी डिलीवरी होती है, उसकी प्रॉपर काउंसलिंग की जाती है. जिसका रिजल्ट भी बेहत आता है. मां और बच्चा दोनों ही हेल्दी होते हैं. लेकिन अगर बात भारत की करें तो यहां जब प्रेगनेंसी का पता चलता है तो उसके बाद विशेषज्ञ को दिखाया जाता है. कई बार तो इसमें काफी लेट भी कर दिया जाता है, जिससे मां और बच्चे दोनों के लिए कई दिक्कतें होती हैं. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर फ्यूचर के किसी काम को अगर प्लानिंग के साथ किया जाए तो वह अच्छा होता है. इसलिए शादी के बाद ही अगर महिला विशेषज्ञ की काउंसलिंग लेकर बच्चे की प्लानिंग करें तो मां और बच्चे की सेहत के लिए अच्छा रहता है.

### प्रेगनेंसी प्लानिंग क्यों जरूरी

डॉक्टर का कहना है कि जिस तरह से आजकल खानपान और लाइफस्टाइल बदल रही है उससे कई तरह की बीमारियां देखने को मिल रही हैं. इनमें ब्लड प्रेशर, थाइरॉइड या ब्लड शुगर जैसी समस्याएं शामिल हैं, जो किसी भी प्रेगनेंट महिला के लिए गंभीर हो सकते हैं. इसके अलावा महिलाओं में कई अन्य बीमारियां भी देखने को मिलती हैं. अगर इस तरह की किसी समस्या में डिलीवरी होती है तो बच्चे को बीमारियां लगनी स्वाभाविक हो सकती है.

### क्या करना चाहिए

डॉक्टर के मुताबिक, अगर महिला को प्रेगनेंसी से पहले किसी तरह की समस्या है तो उन्हें प्रसूति और स्त्री रोग विभाग की किसी एक्सपर्ट से संपर्क करना चाहिए. उनकी मदद से उस बीमारी को कंट्रोल कर सकतीहैं. एक्सपर्ट्स की देखरेख में संतुलित दवाईयां और इलाज कई समस्याओं को कम किया जा सकता है. उनका कहना है कि जब गर्भवती होने के बाद किसी महिला को इसका पता चलता है, तब तक बच्चे के दिमाग से जुड़े काफी विकास हो चुके होते हैं. किसी महिला के लिए प्रेगनेंसी के तीन से चार हफ्ते काफी अहम होते हैं. ऐसे में विशेष सावधानी रखनी चाहिए, वरना समस्याएं बढ़ सकती हैं. इसलिए एक्सपर्ट्स की देखरेख में सही काउंसलिंग जरूरी हो जाती है।

# पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की सोलहवीं किस्त

## कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों ने सुना प्रधानमंत्री का लाईव उद्बोधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 2 मार्च।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 28 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं क़िस्त की राशि जारी कर दी है। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के यवतमाल से देशभर के लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर करके खुशखबरी दी है। पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर प्रदेश के 22 लाख 86 हजार से अधिक किसानों के खाते में डाली गई 530.66 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है।

कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुकमा श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्री बारसे माड़ा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री डमरू राम नाग, पार्षद दोरनापाल श्री धर्मेंद्र भदौरिया, ग्राम पंचायत की सरपंच, जिले के तीनों विकास खण्डों से किसान मित्रों सहित करीब 228 कृषक भाई बहिन उपस्थित थे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से नई-नई तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री आरपी बघेल ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। साथ ही किसानों से जुड़े अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उपरोक्त कार्यक्रम के साथ-साथ दलहन उत्पादन तकनीकी एवं उचित भंडारण विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों हेतु मासिक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने संबंधित विषय के संबंध में आगामी माह की कार्य योजना को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एचएस तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कार्यक्रम सहायक डॉ संजय सिंह राठौर, आकांक्षा भदौरिया, मनोज कुमार, ज्योतिष कुमार पोटला सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### लाल परेड ग्राउंड भोपाल में 28 मार्च से 5 अप्रैल तक -भर्ती रैली,भारतीय वायु सेना में एयरमेन बनने का सुनहरा अवसर

**सुकमा 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारतीय वायु सेना एयरमेन मेडिकल असिस्टेंट की भर्ती के लिए लाल परेड ग्राउड भोपाल मध्य प्रदेश में 28 मार्च से 05 अप्रैल तक भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आवेदक का जन्म 24 अप्रैल 2003 और 24 जून 2007 दोनो तिथि सम्मिलित करते हुए के मध्य हुआ हो तथा कक्षा 12वी में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और इंग्लिश विषय में कम से कम 50 प्रतिशत तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किए हो, वे आवेदन के लिए पात्र होगें। इसके साथ ही डिप्लोमा इन फार्मेसी या बी.एस.सी. इन फार्मेसी किए हुए, ऐसे आवेदक जिन्होने 10 प्लस 2 (10+2)परीक्षा फिजिक्स, बायोलॉजी केमेस्ट्री एवं इंग्लिश विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किए हो तथा फार्मेसी में डिप्लोमा या बी. एस.सी. में 50 प्रतिशतअंकों के साथ उत्तीर्ण हो, पात्र होगे। आवेदक का राज्य फार्मेसी कौसिल से वैध रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। अविवाहित आवेदक जिनका जन्म 24 जून 2000 और 24 जून 2005 के मध्य तथा विवाहित आवेदकों का जन्म 24 जून 2000 और 24 जून 2003 के मध्य हो, वे मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के पदों में आवेदन के लिए पात्र होगे। विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

### सुकमा जिला के अंदरूनी इलाकों के ग्रामीण पहुंचे रायपुर विधानसभा



**सुकमा 2 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले के नक्सल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने आज पहली बार विधानसभा का भ्रमण किया एवम सदन की कार्यवाही को देखा। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी, सुकमा जिला के प्रभारी मंत्री माननीय केदार कश्यप जी एवं अन्य मंत्रियों से मुलाकात की और साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी से भी मुलाकात किया सुकमा जिला से मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री एवं सिलगेर ग्राम पंचायत के सरपंच कोरसा सन्नू जी जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान जी, मंडल अध्यक्ष बलिराम नायक जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलाल साह जी सुकमा से उपस्थित रहे।

### भारत डाक विभाग के डाकियों कर रहे है प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का सर्वे

**रायपुर 2 मार्च।** भारत सरकार की प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सर्वे का कार्य भारतीय डाक विभाग द्वारा 26 फरवरी, 2024 से प्रारम्?भ कर दिया गया है । सर्वे की अंतिम तारीख 08 मार्च, 2024 निर्धारित की गयी है । सर्वे का कार्य स?थानीय डाकियों द्वारा किया जा रहा है । स्थानीय नागरिकों की द्वारा प्रदत?त जानकारी और सहमति के बाद स?थानीय डाकिया द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लिए निर्धारित मोबाइल-एप पर अथवा वेबसाइट पर उपलब?ध जानकारियों को फीड किया जाएगा । जानकारी फीड होने के बाद सरकार द्वारा नियुक्त किए गए वेंडर, घरों में जाकर सोलर पैनल लगाने का कार्य करेंगे । सर्वे हेतु भारतीय डाक विभाग द्वारा आम जनता से कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है । योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक उपभोक्ता को बिजली बिल की कापी, मोबाइल नम्बर और घर के छत की फोटो उपलब्ध करानी होगी । इस योजना के तहत 1 किलोवट क्षमता के सोलर पैनल लगवाने पर 50 हजार रूपए की लागत आएगी, जिसमें 30 हजार रूपए की सब्सिडी मिलेगी । इसी प्रकार 2 किलोवाट की लागत 1 लाख 10 हजार रूपए और सब्सिडी 60 हजार तथा 3 किलोवाट की लागत 1 लाख 45 हजार और इसमें 78 हजार रूपए की सब्सिडी मिलेगी । इसके अलावा इस योजना के तहत 300 यूनिट तक की बिजली प्रतिमाह मुफ्त मिलेगी।

### विकास कार्यों के लिए कलेक्टर ने स्वीकृत की राशि

**उत्तर बस्तर कांकेर, 4 मार्च।** स्कूल शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 28 लाख 33 हजार 333 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम कोदापाखा, हाटकोंदल तथा दुर्गुकोंदल में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05-05 लाख रूपए और ग्राम चिखली और मंगहूर में रंगमंच निर्माण के लिए 03-03 लाख रूपए सहित कुल 21 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के लिए पंजीयन प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 2 मार्च।** मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ सीजी बोर्ड से प्राप्त मेरिट सूची के अन्तर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन, सत्यापन हेतु पोर्टल प्रारंभ हो गया है। पोर्टल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी की गई है। जिसके तहत राज्य छात्रवृत्ति पार्टल schoolscholarship.cg.nic.in के होम पेज पर मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना का प्रावधान उपलब्ध कराया गया है। जहां से मेरिट के विद्यार्थियों की सूची भी देखी जा सकती है।

बोर्ड परीक्षा के रोल नंबर का उपयोग कर विद्यार्थी स्वयं पंजीयन कर आवश्यक प्रमाण पत्र (स्थायी, जाति, मूल निवासी) वो एआरएन नंबर का उपयोग कर पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। 12वीं कक्षा की स्थिति में योजना की शर्तो के तहत महाविद्यालयीन संस्था में अध्ययनरत होना आवश्यक है। इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध ÷बोनाफाइड प्रमाण पत्र÷ का प्रारूप डाउनलोड कर संबंधित स्थान से प्रमाणित कर महाविद्यालयीन संस्था की फीस की रसीद के साथ पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे, तथा बैंक खातों की जानकारी भरेंगे। पूर्ण रूप से भरे आवेदन जिलों को सत्यापन हेतु भेजेंगे। 11वीं में अध्ययनरत व 12वीं उत्तीर्ण शालाओं के जिलों के लॉगिन से विद्यार्थियों का सत्यापन कर संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा डीपीआई को भेजा जा सकेगा। अंतरिम मेरिट सूची का प्रकाशन उपरांत नियत समय-सीमा में जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा के समक्ष दावा आपत्ति की जा सकेगी। जिसका निराकरण एक सप्ताह में किया जावेगा।पंजीयन,सत्यापन, अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन, दावा आपत्ति की समय सीमा इस प्रकार-पंजीयन प्रक्रिया 27 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। 25 मार्च 2024 शाम 5ः00 बजे तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। सत्यापन हेतु सत्यापन हेतु 26 मार्च से 31 मार्च शाम 5ः00 बजे तक निर्धारित की गई है। साथ ही दावा आपत्ति 1 अप्रैल 2024 से 5 अप्रैल 2024 शाम 5ः00 बजे तक निर्धारित की गई है। अंतिम सूची प्रकाशन एवं वितरण हेतु संभावित तिथि 12 अप्रैल को निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु जिला शिक्षा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 मार्च।** कलेक्टर श्री हरिस.एस ने गुरूवार को छिंदगढ़ ब्लॉक में चल रहे, सड़क निर्माण और पुल-पुलिया निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिसके तहत ग्राम डोलेरास और पेंदलनार में डामरीकरण कार्य, बोकड़ाओडार में सीसी सड़क सहित ग्राम तरईटिकरा, मिसीपारा, कुन्ना डब्बा, मिचवार, गरीपाल और गोरली का निरीक्षण किया।



जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत सड़क बनायी जा रही। छिंदगढ़ ब्लॉक में चल रहे सड़क निर्माण और पुल-पुलिया का निरीक्षण कलेक्टर श्री हरिस.एस ने किया। इस दौरान सड़क की गुणवत्ता को बारीकी से परखा।कलेक्टर ने अधिकारियों से सड़क निर्माण में आने वाली लागत, इन सड़कों में बनने वाले पुल-पुलियों की संख्या, आदि के बारे में जानकारी ली। बनी सड़क की खोदकर गुणवत्ता की जांच की।

उन्होंने इन कार्यो को तेजी के साथ गुणवत्ता पूर्वक बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सुदूर वनांचल के निवासी जो सड़क की समस्या से जूझ रहे थे, अब सड़क बनकर जल्द तैयार होने से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही जिला प्रशासन के प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ अन्य विभागों के तहत अन्य बुनियादी सुविधायें गांवों तक पहुंचाई जा रही है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता श्री अनिल राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

# एनएमडीसी ने 40 एमटी का लक्ष्य पार कर 11 माह के सर्वोत्तम उत्पादन की उपलब्धि हासिल की



**हैदराबाद, 2मार्च।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने फरवरी, 2024 में अबतक के सर्वश्रेष्ठ संचयी आँकड़े प्राप्त किए । एनएमडीसी ने फरवरी, 2024 में लौह अयस्क का 3.92 मिलियन टन उत्पादन किया और 3.99 मिलियन टन की बिक्री की, जिससे वित्तवर्ष 24 के 11 महीनों में संचयी उत्पादन 40.24 मिलियन टन और संचयी बिक्री 40.48 मिलियन टन तक पहुँच गई है । एनएमडीसी का फरवरी, 2024 में बिक्री प्रदर्शन कंपनी की स्थापना के बाद से अबतक फरवरी माह का सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन है । 3.99 मिलियन टन की बिक्री फरवरी, 2023 में लौह अयस्क की बिक्री से 6 प्रतिशत अधिक है । कंपनी ने फरवरी, 2024 तक गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संचयी उत्पादन में 13 प्रतिशत और संचयी बिक्री में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है । कंपनी के इतिहास में अपनी अब तक की 11 महीने की अवधि की सबसे अधिक लौह अयस्क मात्र को प्राप्त करते हुए, एनएमडीसी वित्तवर्ष 24 में नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए तैयार है । श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी ने इस प्रदर्शन के लिए अपनी टीम को बधाई देते हुए कहा, ÷40 मिलियन टन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी और लगातार तीन बार इस मील के पत्थर को हासिल करते हुए हम वित्तवर्ष 24 में लौह अयस्क आंकड़ों की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए तैयार हैं । एनएमडीसी के विकास का पूरी अर्थव्यवस्था में कई गुना प्रभाव पड़ता है । उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाकर, आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता को बढ़ाकर और एनएमडीसी 2.0 में परिवर्तन के द्वारा इस विकास को बढ़ाने के लिए हम स्वयं को रणनीतिक रूप से तैयार कर रहे हैं ।

# क्विज प्रतियोगिता में 6 स्कूलों के बच्चों ने लिया उत्साह से हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 2 मार्च।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा 2 मे हुआ क्विज़ प्रतियोगिता। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत महान वैज्ञानिक डॉ.सी.वी.रमन के छाया चित्र पर पुष्पार्पण कर द्वीप प्रज्वलित जेएनवी के प्राचार्य बलराम जाटव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्यतिथि के रूप मे आईपीएस किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक सुकमा मौजूद रहे।इस प्रतियोगिता में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा,डीएवी सुकमा,आईएमएसटी सुकमा,मदर टेरिसा सुकमा,केंद्रीय विद्यालय सुकमा,एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकमा,कुल छः विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़ के उत्साह के साथ भाग लिया। क्विज़ प्रतियोगिता मे काफ़ी कड़े एवं मुश्किल सवाल पूछे गये जिसमें सभी विद्यालयों के बच्चों ने सूझबूझ से जवाब दिया। सभी विद्यालयों मे काटें की टक्कर रही,इस




प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा2,द्वितीय स्थान पर डीएवी सुकमा एवं तृतीय स्थान पर केंद्रिय विद्यालय सुकमा रहा।इस प्रतियोगिता मे क्रम से भौतिक विज्ञान के प्रश्न दीक्षा चौधरी,रसायन विज्ञान के प्रश्न वेंकटेश्वर राव,जिव विज्ञान से जुड़े प्रश्न मो.रफ़ी के द्वारा पूछे गये।निर्णायक के रूप में राहुल श्रीवास्तव की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप मे मौजूद किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक सुकमा को पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया,वहीं समाज सेवी फ़ारूख अली को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को मोटिवेट करते हुए एसपी किरण चव्हाण ने कहा विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं,हमारे देश ने महान वैज्ञानिकों को जन्म दिया,साथ ही एसपी किरण चव्हाण ने बच्चों को आगे बढ़ने और सफलता पाने के टिप्स बताये,एसपी किरण चव्हाण ने बच्चों को आगामी परीक्षा मे सफल होने के गुर बताने के साथ साथ बच्चों को मानसिक बोझ से कैसे तनाव मुक्त रहें विस्तार से समझाया। इस कार्यक्रम को मो.रफ़ी द्वारा संचालित किया गया एवं हिमांशु जांगीड द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## समाचार संक्षेप

### महिला कांग्रेस ने किया दंतेवाड़ा- किरन्दुल सड़क निर्माण में देरी को लेकर चक्काजाम



**दंतेवाड़ा 2 मार्च।** किरन्दुल- बचेली से दंतेवाड़ा तक बन रही सड़क निर्माण में हो रही लेटलतीफी व लापरवाही के चलते विरोध के स्वर अब मुखर होने लगे हैं। जिला महिला कांग्रेस द्वारा आज सातधार चौक पर चक्काजाम कर निर्माणधीन सड़क का विरोध किया। एक घंटे के इस चक्काजाम में दोनों और गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। रोड़ का काम शुरू करो, शासन-प्रशासन होश में आओ जैसे नारों के साथ महिला कांग्रेस ने चक्काजाम किया साथ ही कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। जिला पंचायत अध्यक्ष व महिला कांग्रेस की ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा कि किरंदुल से दंतेवाड़ा तक बन रही सड़क पर जमकर भ्र्ष्टाचार हो रहा है। ठेकेदार पर शासन-प्रशासन का कोई दबाव नहीं है। सरकार को बने लगभग तीन महीने से ज्यादा का समय हो गया पर अभी तक निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई। तुलिका ने कहा कि रोजाना सैकड़ो की संख्या में एनएमडीसी से लौह अयस्क लेकर ट्रकें निकलती है साथ ही राजधानी से सभी बसें किरन्दुल से होकर ही दंतेवाड़ा आती है। रोड़ खराब होने के कारण हर दिन जाम की स्थिति बनती है। बारिश के पहले अगर सड़क निर्माण पूरा नहीं किया गया तो किरन्दुल-बचेली टापू का रूप लेगा, जिससे आम जन-जीवन पूरी तरह प्रभावित होगा। तुलिका ने कहा कि हमनें ज्ञापन में कहा है कि अगर 10 दिनों के भीतर कार्य शुरू नही किया गया तो 11वें दिन अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुलोचना कर्मा ने कहा हमारे विधायक चाहते ही नहीं कि रोड़ का निर्माण जल्द शुरू हो या उनकी कोई सुनता नहीं है। हर दिन कोई न कोई हादसा इस सड़क पर हो रहा है पर समस्या सुनने वाला नहीं है। किरन्दुल से दंतेवाड़ा आने में अभी लगभग 3 घंटे का समय लगता है अगर जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं किया तो इस सड़क पर चलना दूभर हो जाएगा। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि इस सड़क से सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को हो रही है। आपातकाल की स्थिति में समय रहते जिला अस्पताल नहीं पहुँच पाते जिससे मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। बारिश तक अगर रोड़ ठीक नहीं हुआ तो एम्बुलेंस तक चलना दूभर हो जाएगा। नपा अध्यक्ष बचेली पूजा साव ने कहा की बचेली से दंतेवाड़ा जाने के लिए अभी सोचना पड़ता है। धूल के गुबार के कारण आगे से कौन आ रहा है यह पता ही नहीं चलता। महिला कांग्रेस की इस मुहिम में सभी तो बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि रोड़ का निर्माण जल्द हो सकें।

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 10 नए स्टोर्स खोले

**रायपुर 2 मार्च।** ज्वैलिरी के क्षेत्र में प्रमुख रिटेलर्स में से एक, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, दुनिया भर में अपने कारोबार का विस्तार करने की तर्ज पर भारत में 10 नए रिटेल स्टोर खोलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी का लक्ष्य मार्च के महीने तक दुनिया भर में 350 स्टोर खोलने का है। हाल ही में मलाबार को विश्व के छठे सबसे बड़े ज्वैलरी ग्रुप का दर्जा दिया गया है। डेलॉयट की लक्जरी गुड्स ग्लोबल रैंकिंग में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 19वें पायदान पर है। भारत के महाराष्ट्र में लातूर, सतारा और नागपुर में कंपनी के स्टोर्स खोले जाएंगे। कर्नाटक में कोलार और वाइटफील्ड, राजस्थान में जयपुर, दिल्ली में चांदनी चौक, आंध्रप्रदेश में वनस्थलीपुरम, पंजाब में पटियाला और पुडुचेरी में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के नए स्टोर खुलेंगे। राजस्थान और पुडुचेरी में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के यह पहले स्टोर्स होंगे। इससे कंपनी इन राज्यों में ब्रैंड की मौजूदगी का विस्तार करेगी। कंपनी के आठ अन्य स्टोर्स देश के उन राज्यों में खोले जाएंगे, जहां कंपनी ने पहले ही अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा ली है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, ÷हमने ÷मेक इन इंडिया, मार्केट टु वर्ल्ड÷ का कॉन्सेप्ट अपनाकर पूरी दुनिया में काफी तेजी से प्रगति की है। इस उपलब्धि से न सिर्फ हमें खुशी हो रही है, बल्कि उन 14 देशों में आभूषण प्रेमियों को काफी प्रसन्नता हुई है, जहां इस ब्रैंड की प्रभावशाली और मजबूत मौजूदगी है। अब जब हम 10 नए स्टोर्स को खोलने की तैयारी कर रहे हैं तो इस अवसर पर मैं अपने उपभोक्ताओं, टीम मेंबर्स और निवेशकों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। हर नया स्टोर खुलने के साथ, हम विश्व के नंबर वन ज्वैलरी और लक्ज़री ब्रैंड बनने के अपने लक्ष्य के और करीब आ रहे हैं।



### कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**भाटापारा 2 मार्च।** भाटापारा नगर के लिए अन्यत हर्ष का विषय है कि कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड़ भाटापारा की अंचल कि छात्रा ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के PGDCA। पाठ्यक्रम में 86.51 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है महाविद्यालय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट से PGDCA। पाठ्यक्रम सत्र 2023-24 में कु. नेहा वर्मा 74.6 त्न कु. खुशबु देवांगन 73 त्न एवं राधिका ठाकुर 72त्न2 प्रतिशत अंको से पूर्ण किया है कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में PGDCA। परीक्षा परीणाम 86.51 प्रतिशत रहा। महाविद्यालय का उदेश्य छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण व्यवसायिक शिक्षा के साथ साथ रोजगार तथा स्वरोजगार अवसर प्रदान करना है। PGDCA। संकाय में छात्र-छात्राओं की सफलता पर संचालक श्री मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ. वंदना चैहान, विभाग प्रमुख श्री वैभव गुप्ता सहायक प्राध्यपिका श्रीमति सुषमा दुबे, कार्यालय कर्मचारी श्री मोरजध्वज जायसवाल, गौकरण यादव, गुलशन कुमार, ओमप्रकाश साहू, ने बधाई व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की।

## एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण पहली बार पहुँचे राजधानी

**सुकमा 2 मार्च।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के न्यौता पर छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के सिलगेर, टेकलगुड़ा और पुवर्ती गांवों के 47 युवक-युवती आजादी के 75 साल बाद अपने गांव से पहली बार बाहर निकले हैं। राजधानी रायपुर पहुंचे इन युवाओं ने आज विधानसभा का भ्रमण किया और इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और वित्तमंत्री ओ .पी. चौधरी से मुलाकात की।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि युवा अगर चाहेंगे तो अपने गांव में अमन-चैन और विकास ला सकते हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की ताकत हैं। मुख्यमंत्री ने इन युवाओं से उनके गांव के बारे में जानकारी ली। युवाओं ने बताया कि गांव में बोर नहीं है, बिजली नहीं है, उन्हें पट्टा चाहिए। गांव में अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की जरूरत है। हम चाहते है कि हमारे खेत में बोर से सिंचाई के लिए पानी मिले। मुख्यमंत्री ने इन युवाओं को आश्वस्त किया कि उन्हें घर, पक्की सड़क, बिजली, पेयजल, राशन, दवाई जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाए। हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

दर्शक दीर्घा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ माओवाद प्रभावित इन गांवों के युवाओं ने सदन की कार्रवाई का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उनकी उपस्थिति की सूचना देते हुए कहा कि ये ऐसी जगह से निकल कर पहली बार विधानसभा देखने आए हैं। ऐसे सुनते ही सभी सदस्यों ने मेज थपथपा कर दर्शक दीर्घा में उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निमंत्रण पर पहुंचे माओवाद प्रभावित सुकमा जिले के ग्रामीण जब रायपुर पहुचे तब उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अतिथि देवो भवः का पालन करते हुए अपने अतिथियों का स्वागत किया और आज के भ्रमण कार्यक्रम के बारे में पूछा।

## एक नजर

### राजिम कुंभ कल्प में सुरक्षा को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था



**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र से लगे तीन जिलों क्रमशः गरियाबंद, धमतरी और रायपुर की सीमा पर पुलिस चौकियों की व्यवस्था की गई है जहां पर पुलिस के जवानो सहित अर्द्धसैनिक बल होम गार्ड के जवान तैनात हैं। इन चौकियों के नियंत्रण के लिए मेला क्षेत्र में मुख्य मंच के पास एक पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें पुलिस के आला अधिकारी एसपी, एएसपी, डीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी संपूर्ण मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए है।

गरियाबंद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि राजिम मेला की सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 1300 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात है जिसमे 300 महिला पुलिसकर्मी, 4 पेट्रोलिंग पॉइंट 4 बाइक पेट्रोलिंग सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। आपराधिक घटना को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है जिसे कंट्रोल रूम में बैठे पूरे मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि 350 सीसीटीवी कैमरे की सहायता से पूरे मेला परिसर सहित लगभग 5 कि. मी. के सराउंडिंग एरिया में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेला स्थल की ओर आने वाले सभी रास्तों के चौक चौराहों पर कैमरे से निगरानी की जा रही है। रात्रि कालीन गस्त में एसडीओपी श्री नायक स्वयं सुरक्षा का जायज लेने के लिए पेट्रोलिंग करते है।

इसके साथ ही अग्निशामक विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड गाड़ियां भी मुस्तैदी के साथ चौबीसो घंटे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए खड़ी है। पुलिस विभाग द्वारा कुंभ परिसर, मीना बाजार, मेला परिसर सहित मंदिरों में महिला-पुरुष के जवान तैनात रहते हैं, जो हर प्रकार के अपराधी और अपराधिक घटनाओं से निपटने के लिए तैयार हैं।

इसी तरह यातायात की व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए आवागमन के दबाव वाले क्षेत्रो में यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। जगह-जगह पार्किंग पॉइंट बनाये गये है। जहां मेला स्थल पर आने वाले श्रद्धालु दर्शनार्थी अपने वाहनों को रख सकते है। यातायात जाम होने की स्थिति से निपटने के लिए भी विभाग द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कुलेश्वर मंदिर के पास धमतरी जिले का पुलिस कंट्रोल रूम स्थित है यहां पर धमतरी जिले की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 251 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। जो व्यवस्था बनाये रखने में शिफ्ट वाइस राउंड द क्लाक ड्यूटी दे रहे है। इसी तरह नेहरू घाट पर रायपुर पुलिस द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### राजिम कुंभ कल्प में नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला में जूना, अग्नि और आह्वान अखाड़ों के नागा संत-सन्यासियों सहित महात्माओं ने भगवान दत्तात्रेय का आह्वान करते हुए पेशवाई निकाली। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से शस्त्र पूजन कर आरंभ किया गया। पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से प्रारंभ होकर सुंदरलाल शर्मा चौक, व्हीआईपी मार्ग, राजिम-नवापारा पुल, इंदिरा मार्केट से मेला मैदान होते हुए संत समागम स्थित अपने पंडाल में पहुंचे, जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया। पेशवाई के दौरान नागा साधु विभिन्न करतब दिखाते हुए शस्त्र प्रदर्शन किया। उक्त अखाड़ों को देखने एवं नागा-साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने सड़कों के किनारे श्रध्दालुओं की भीड़ भक्ति भाव व रोमांच के साथ उमड़ पड़ी। राजिम नगर सहित क्षेत्र के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी तादात में दर्शनार्थी उपस्थित होकर इस पेशवाई यात्रा की साक्षी बनते हुए अपने श्रध्दा के फूल समर्पित कर स्वंय को धन्य समझा। पेशवाई यात्रा में विभिन्न अखाड़ों के नागा-साधु, सन्यासियां अपने पारंपरिक आलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

### मुख्य मंच पर लोक प्रयाग राजेश साहू और लोक मंच कचरा-बोदरा उर्वशी साहू की होगी प्रस्तुति

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प के आठवें दिन शनिवार 2 मार्च को मुख्य मंच में लोकप्रयाग लोकमंच राजेश साहू, लोकमंच (कचरा-बोदरा) उर्वशी साहू, शास्त्रीय उप शास्त्रीय किशन देवांगन रायपुर, लोकमंच रोशनलाल सेन बेमेतरा, नृत्य नाटिका आर्या नंदे ओड़िसा, पंडवाणी पद्मश्री उषा बारले भिलाई की प्रस्तुति होगी।इसी तरह स्थानीय मंच में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम होंगे। जिसमें पंडवानी यशोमती सेन बोरिद (फिंगेश्वर), फाग मंडली भारत धीवर राजिम, लोककला मंच मनोज देवांगन कुरूद, भजन संध्या अजय कुमार पटेवा, झांकी कु. गरिमा बुड़ेनी, सामूहिक नृत्य सुनीता साहू राजिम, लोक साधना सावित्री मंडावी बहेराबुड़ा (गरियाबंद), रामायण हेमंत सोनी तोरला, छ.ग. लोक नृत्य झांकी टामेश्वर ठाकुर मगरलोड, भजन संध्या नितिन अग्रवाल रायपुर, कवि सम्मेलन त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम की प्रस्तुति होगी।

# राजिम कुंभ कल्प के मंच पर स्थानीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोककला की प्रस्तुति देकर बढ़ाया मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,2 मार्च।** राजिम कुंभ के सांस्कृतिक मंच में प्रतिदिन कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न जगहों से पहुंच कलाकार अपनी माटी की सौंधी महक को दूर तक बिखेर रहे हैं। आज सातवें दिन श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर के समीप बने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने मन मोह लिया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति ग्राम बकली से नंद कुमार साहू एवं उनकी टीम ने राम की महिमा का बखान करते हुए कहा की रामनाम ही सत्य है, जिसके नाम की सुमिरन से ही भव से पार हो सकते है। इसलिए मोहमाया के बंधन से निकलकर मानवता के कल्याण का मार्ग अपनाएं, समस्त दुर्गुणों का त्याग करे और आत्मा को पवित्र करे इस नश्वर शरीर की चिंता न करें। भक्ति के लिए कुछ समय अवश्य निकाले। राम भजन कम नहीं करना... राम तोर शक्ति राम तोर भक्ति... मन गुनगुनाए राम...जैसे सुमधुर भक्तिमय भजनों के द्वारा दर्शकों के हृदय में राम भक्ति का संचार हुआ। मंच पर पंडवानी में महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को कथा और गायन के माध्यम से बहुत ही भावपूर्ण रूप में व्यक्त की भामनी मानिकपुरी ने जिसे बहुत ही सराहना दर्शकों के मंच से मिला। रामायण में राम के संपूर्ण चरित्र को अपनाने और रामराज्य की कल्पना को साकार करने के मिलाप दीवान अरंड ने संदेश दिए। सुरेश सोनकर पारागांव की टीम ने



जगराता में देवी के भजन तोला बंदव... तोला दुर्गा कहव की काली ..मोर गांव में के शीतला दाईकृभक्ति गीत से नवरात्र के माहौल बनाएं। लोककला के माध्यम से छत्तीसगढ़ी गीत ..माया होगे..कोसा के साड़ी ..पुन्नी के मेला घुमाहू,,, मोर बर ले दे न राजा लाली लुगरा... जैसे सुमधुर गीतों ने दर्शको को अंत तक बांधकर रखा। परमेंद्र कुमार के सुमधुर भजनों से दर्शक झूमने लगे। इसी मंच पर झाड़ी राम कोमा ने लोकनृत्य में छत्तीसगढ़ की झांकी प्रस्तुत की। जागृति सिन्हा की टीम ने स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण में प्रतिदिन योग के महत्व को बताया। तिजिया बाई कुर्रां की टीम ने मानस भजन की शानदार प्रस्तुति दी। अहिरवारा से आए सूर्य प्रकाश ने मंगल भजन की प्रस्तुति दिया, जिसे दर्शकों का भरपूर स्नेह मिला। प्रभा यादव चंद्रखूरी ने पंडवानी में कौरव पांडव के बीच हुए युद्ध का वर्णन किया। बिरेझर से पहुंचे हेमा साहू एवं उनकी टीम ने बहुत ही सुंदर तरीके से देश भक्ती भक्ती पूर्ण गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को गुनगुनाने के लिए विवश किए।

# संतो के भव्य स्वागत के लिए तैयार है कुंभ नगरी राजिम

## राजिम कुंभ कल्प में पहुंचने लगे साधु-संत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,2 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन ने राजिम तीर्थ के महत्व को कायम रखते हुए यहां आयोजित होने वाले मेले को कुंभ कल्प का दर्जा दिया है। 5 वर्षों के बाद लौटा राजिम कुंभ कल्प इस वर्ष भगवान श्रीराम पर आधारित है। कुंभ कल्प को भव्य रूप से मनाया जा रहा है। यहां की व्यवस्था धर्म आध्यात्म एवं नैतिकता के अनुकूल बनाया गया है। 3 मार्च से विराट संत समागम का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक स्थलों से साधु-संत शामिल होंगे। राजिम कुंभ में संतों का आगमन शुरू हो गया है। संतो के स्वागत हेतु कुंभ नगरी राजिम सजकर तैयार है।

धर्म स्थल के विशाल वटवृक्ष स्वरूप रेतीले परिसर में संत-समागम स्थल बनाया गया है, जिसमे देश के कोने-कोने से पधारे महामण्डलेश्वर, आचार्य महंत संत-महात्माओं के लिए कुटियों का निर्माण किया गया है। जहां संतो की दैनिक गतिविधियां ध्यान, योग, उपदेश, यज्ञ, हवन, पूजा के साथ ही उनके अनुयायियो दर्शनार्थियों को उपदेशो के द्वारा धर्मभाव से जोड़ने की गतिविधि संचालित होती है। संत-समागम के शासन-प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। लोमश ऋषि आश्रम में सिरकट्टी आश्रम, उत्तरप्रदेश, झांसी, गरियाबंद, राजनांदगांव, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, दामाखेड़ा, चण्डी से लगभग 70 संत पहुंचे है।

झांसी से पहुंचे भैयादास महंत ने बताया हमें यहां आये लगभग एक सप्ताह हो गये है। प्रतिदिन सुबह छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि के लिए यज्ञ कर रहे है। राजिम कुंभ कल्प नामकरण की सार्थकता यहां आने के बाद पता चला पिछले कुछ वर्षो की तुलना में यहा बहुत बदलाव आये है और संतो के चरण पड़ने से यह भूमि फिर से पावन तीर्थ बन गया। साधु संतो के सानिध्य में सत्संग सतव्यवहार की सीख मिलती है और हर मनोविकार दूर होते है। यहां आकर हमें पूर्ण सुविधा मिल रही है।

भगवान राजीव लोचन कुलेश्वर से प्रार्थना है कि यह आयोजन हमेशा होते रहे। संत गणेशदास, ललितानंद, कालीचरण, झड़ीराम, कीर्तन, सोमती बाई दीवान, चरणदास, संग्राम सिंह यादव, हंसाशरण, फुलबाई, बिशाखा, अनुसुईया, सुखदेव शरण ने भी कहा कि किसी भी पवित्र स्थल में साधु-संतो के सेवा सतकार्य सम्मान करने से भगवान के आशीर्वाद मिलते है और उस क्षेत्र का सतत् विकास होता है।

### राजिम कुंभ के मंच पर पुष्पा निषाद ने कापालिक शैली में दी पंडवानी की प्रस्तुति

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प के सातवें दिन मुख्य मंच पर भाटापारा की पंडवानी गायिका पुष्पा निषाद ने कापालिक शैली में दुर्योधन और द्रोपती के संवाद को प्रस्तुत किया। पुष्पा निषाद पंडवानी में चली आ रही परंपराओ को संजोते हुए मंच पर प्रस्तुत किया। अगली कड़ी में रायपुर के राजू महाराज की टीम द्वारा भजन जगराता के माध्यम से राम आएंगे-आएंगे राम आएंगे...... राधा रमण हरे-हरे..... गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय माहौल बना दिया। बाबी मंडल की टीम ने फिल्मी और भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मेरे रोम-रोम में बसने वाले राम.... सोलह बरस की बाली उमर.... इक प्यार का नगमा है.... ओ गंगा मैया जैसी अनेक सदाबहार गीत की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मुंगेली जिले से पहुंच मधुकर साहू और दुर्गा रानी की टीम ने छत्तीसगढ़ी गीत की शानदार प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ के माटी........मोर मयारू मैना तक धिना-धिन बाजे मांदर जैसे कर्मा गीतों ने दर्शको का भरपूर मनोरंजन किया।

मंच पर सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के प्रोफेसर नैना पहाड़िया के निर्देशन पर बीएड के छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम समाप्ति के बाद कलाकारों का सम्मान जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारियों, वरिष्ठजनों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

# शुध्द पेयजल नहीं मिल रहा है क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 2 मार्च।** ग्रामीणों को फ़िल्टर युक्त शुद्ध पेय जल मुहैया कराने के उदेश्य से भोपालपटनम/रल्लापल्ली समूह जल प्रदाय योजना प्रारम्भ किया गया था लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद भी इसका लाभ न मिलने के कारण ग्रामीण आज भी फ्लोराईड युक्त पानी पीने को मजबूर है उक्त बाते जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति मे कही ताटी ने बताया की उक्त योजना के तहत नगर पंचायत भोपालपटनम सहित तिमेड, भटपल्ली, रामपुरम, गोटाईगुडा, गोल्लागुडा,गुंलापेटा, गेर्रागुडा, रुद्रारम, कुचनूर, अर्जुनल्ली, चिनामाटुर, पेदामाटुर, चेरपल्ली, संड्रापल्ली, मोदकपल्ली, उल्लूर, चंदनगिरी,चिल्लामरका



के कुल उन्नीस गावों मे फ़िल्टर युक्त शुद्ध पेय जल मुहैया किया जाना है किन्तु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कि निष्क्रियता की वज़ह से उपरोक्त ग्रामीणों को शुद्ध पेय जल उलब्ध नहीं हो पा रहा है जिला पंचायत सदस्य ताटी ने बतया कि भोपालपटनम क्षेत्र के अधिकांश जल स्त्रोतों मे फ्लोराईड की अत्यधिक मात्रा होने के कारण पानी पीने योग्य नहीं है जिस वज़ह से क्षेत्र वासियों के मांग अनुरूप भोपालपटनम/रल्लापल्ली समूह जल प्रदाय योजना की स्वीकृति प्राप्त हुई थी लेकिन वर्षो बीत जाने के बावजूद भी इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है ताटी ने बतया की सम्बंधित अधिकारियो द्वारा जँहा एक ओर ग्राम चिल्लामरका एवं चंदनगिरी टेस्टिंग अवधि मे होने के कारण पेय जल सप्लाई बंद रहने की बात कही जा रही है तो वही दूसरी ओर चिन्नामाटुर एवं संड्रापल्ली ग्रामो मे पर्याप्त पानी नहीं पहुँच पाने की वज़ह से सप्लाई नहीं होना बताया जा रहा है ताटी ने आगे बताया कि ग्राम उल्लूर इंदिरा आवास पारा मे पानी सप्लाई नहीं हो पाने का कारण बरसात मे पाईप लाईन का बह जाना बताया जा रहा है जबकि पाईप लाईन के बहे हुए लगभग दो वर्ष बीत चुके है किन्तु इसके सुधार की ओर आज पर्यंत विभाग का ध्यान नहीं है ताटी ने यह भी बताया की करोडो रूपये की लागत से प्रारम्भ की गई अति महत्वपूर्ण योजना प्रारम्भिक दौर मे ही दम तोड़ती नजर आ रही है जिला पंचायत सदस्य ने बतया कि हर घर नल- नल से जल की परिकल्पना तो साकार होती नजर नहीं आ रही है लेकिन हर घर मे नल लगे स्टैंड पोस्ट शो-पीस की तरह अवश्य खड़े है जिस वज़ह से घरों मे लगे इन नलों मे जल कब आएगा इसका इंतजार ग्रामीण बेसब्री से कर रहे है ताटी ने बतया कि जिस फ्लोराईड की समस्या को लेकर यह योजना प्रारम्भ कि गयी थी उसी योजना का लाभ ना मिलने से ग्रामीण आज भी फ्लोराईड उक्त पानी पीने को मजबूर है।

# प्रशिक्षार्थियों ने नृत्य,गीत,नाटक की मोहक प्रस्तुति दी

**पत्थलगांव, 2 मार्च।** गुरुकुल महाविद्यालय के प्रांगण में शिक्षा संकाय बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थियों द्वारा नाटक कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,महाविद्यालय के डायरेक्टर टिकेश्वर यादव का सर्वप्रथम विभागध्यक्ष इंद्रपाल यादव द्वारा सम्मान किया गया। उन्हे शाल श्रीफ्ल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उनके पश्चात संस्था के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार यादव का सम्मान राजेश्वर प्रसाद यादव द्वारा शाल श्रीफ्ल एवं पुष्प गुच्छ से किया गया। सम्मान समारोह के बाद सत्यम शिवम सुंदरम समूह के द्वारा विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान में मनमोहन एकल नृत्य एवं युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। दूसरी तरफ इन्हीं समूह के द्वारा देश के विभिन्न सामाजिक



धार्मिक आर्थिक एवं क्षेत्रीय समस्याओं को केंद्रित कर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नाटक की झलकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय काडरो की प्राचार्य श्रीमती एस मिंज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सभी समूह के कार्यक्रम अनुशासन प्रिय एवं मनमोहक थे,तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार यादव द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रसस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष इंद्रपाल यादव के द्वारा कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार एवं समापन की घोषणा की गई।

# ट्रक से टकराई पिकअप चालक की मौके पर मौत

### घटना की जांच में जुटी पुलिस ने मृतक का कराया पीएम

**पत्थलगांव, 2 मार्च।** यहा से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम फूलेता के समीप गुरूवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही पिकअप को ठोकर मार दी,जिसके बाद पिकअप के परखच्चे उड गये,इस घटना मे पिकअप चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी,वही एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है,जिसका ईलाज यहा के सिविल हॉस्पिटल मे जारी है,घटना की खबर लगते ही पुलिस अपने दल-बल के साथ स्थल पर पहुंच गयी थी। थाना से मिली जानकारी



के अनुसार हादसा देर रात 11 से 11.30 बजे के करीब हुआ था,पिकअप चालक वाहन का मालिक ही था,मृतक अमराज सिंह सिदार उर्फ चोरया निवासी परसा भुसु, एवम दिल साय निवासी भुसु रजपुरी थाना सीतापुर अपनी पिकप क्रमांक सी.जी-14डी 0413 में बांस लेकर सीतापुर भुसु अपने घर की तरफ जा रहा था,तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक यू.पी 64 एटी 4494 ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे पिकअप में सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई,इस जबरदस्त टक्कर में पिकप के परखच्चे उड़ गए हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों द्वारा 108 को बुलाया गया, परन्तु चालक का शव वाहन में बुरी तरह से फसा हुवा था जिसे 108 के कर्मचारियों एवम ग्रामीणों की मदद से उसके शव को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से पत्थलगांव सिविल अस्पताल लाया गया है।

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च को

**बीजापुर, 2 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान प्रदेश में 3 से 5 मार्च तक चलाया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि एक भी बच्चा पोलियो दवा पीने से न छूटे, इसके लिए जिले में 385 पोलियो बूथ बनाया गया है। यह पोलियो बूथ आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन और उप स्वास्थ्य केन्द्र में होगा। जिले में शून्य से 5 साल के लक्षित कुल 37015 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी। यह कार्यकम तीन दिन का होगा। पहले दिन 3 मार्च को पोलियो बूथ पर दवा पिलायी जायेगी। इसके बाद दूसरे एवं तीसरे दिन 4 एवं 5 मार्च को पोलिया दल द्वारा छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा दी जायेगी। बसस्टैण्ड व हाई रिस्क एरिया जैसे ईटा भट्ठा, निर्माण क्षेत्र, घुमन्तू परिवार एवं बाजार आदि के लिए अलग से टीम बनाई गयी है जों वहां के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेंगे। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 28 मार्च 2014 को भारत पोलियो मुक्त देश घोषित किया जा चुका है। लेकिन हमारे पडोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान जैसे देशों में अभी भी पोलियो के वायरस हैं तथा पोलियो के मरीज भी मिल रहे है। चूंकि एक देश से दूसरे देश के नागरिकों का आना-जाना लगा रहता है, इसलिए पोलियो के वायरस वहां के संक्रमित व्यक्तियों के आवागमन से हमारे देश को संक्रमित कर सकते है। विश्व के किसी भी देश में जब तक पोलियो बिमारी के मरीज मिलेंगे तब तक यह कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता होगी। कलेक्टर जिला बीजापुर ने सभी पालकों से अपील की है कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान वे अपने 5 साल तक के बच्चों को 3 मार्च दिन रविवार को पोलियो बूथ लाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलायें।



## कलेक्टर के प्रयास से शिक्षा के क्षेत्र में दिख रहा है बदलाव



**बीजापुर, 2 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने शिक्षा के महत्व को मद्देनजर रखते हुए प्राथमिकता के साथ के जिले के सुदूर अंचलों के नौनिहालो को शिक्षा के मुख्यधारा में जोड़ने उन्हे गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदाय करने पौष्टिक आहार हेतु पर्याप्त मात्रा में मीनू के हिसाब से मध्यान्ह भोजन प्रदाय करने के साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का आयोजन सामुदायिक सहभागिता से कराने के लिए जनमानस को प्रेरित करने के साथ ही संवेदनशील होकर सभी तक सुगमतापूर्वक गुणवत्ता युक्त शिक्षा पहुंचाने के लिए विभाग को दिशा-निर्देश दिए है।कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी लगातार स्कूलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर उनके व्यापक सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। जिला शिक्षा श्री बीआर बघेल पहली बार भोपालपटनम के अतिसंवेदनशील क्षेत्र कहे जाने वाले पुनः संचालित शालाओं के व्यवस्था जानने सेण्ड्रा और पीलूर पहुंचे श्री बघेल ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के रुप में वह पहले अधिकारी हैं जो इस क्षेत्र में पहुंचे हैं। उनके साथ श्री प्रवीण लाल कुडेम विकासखंड शिक्षा अधिकारी,सहायक परियोजना समन्वयक श्री एम व्ही राव एवं संकुल पीलूर के सीएसी चंद्रशेखर अप्पाजी, सैंड्रा संकुल के सीएसी श्री इंजा आनंद राव भी साथ में मौजूद रहे। बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, एफएलएन की प्रगति, बच्चों की सर्वांगीण विकास का जायजा लिया गया। शिक्षा दूतों द्वारा बेहतर कार्य करने पर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। दोनों संकुल के समस्त स्कूलों के सभी शिक्षक उपस्थित मिले। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसे क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्राथमिक शाला एडापल्ली में अविनाश तलाण्डी कक्षा चौथी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके पालक द्वारा न्यौता भोज कराया गया। सभी अधिकारियों ने न्यौता भोज का आनंद लिया।इस दौरान श्री बघेल ने विद्यार्थियों से आवश्यक चर्चा कर पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। भ्रमण के दौरान इन सुदूर क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न वितरण की जानकारी ग्रामीणों से ली ग्रामीणों ने खाद्यान्न प्राप्त होने की जानकारी दी।

## पीएम आवास की राशि का दुरुपयोग हुआ तो होगी कार्रवाई: सीईओ जिला पंचायत

**बीजापुर, 2 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में स्वीकृत आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने विभागीय अमले की दिनभर फील्ड विजिट के उपरांत शाम को वीसी के माध्यम से समीक्षा कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में कुछ हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लिए प्राप्त राशि दुरुपयोग करते हुए अन्य खर्च कर दिए जाने की बात सामने आ रही है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए जिला सीईओ ने सभी अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि भारत सरकार द्वारा आवासहीन परिवारों के लिए दी जा रही है, ताकि उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में रह सके। जिन हितग्राहियों द्वारा योजना की राशि का दुरपयोग किया गया है, उन्हें आवास निर्माण करने की समझाइश दे। उसके बाद भी जो हितग्राही आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं, उनका चिन्हाकन कर जनपद के माध्यम से प्रकरण तैयार कर विधि संगत कार्रवाई करें।



## मदद से सुरक्षा बलों पर बढ़ा विश्वास

**बीजापुर, 2 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत हिरोली में सुरक्षा बलों की कैंप स्थापना के बाद जन मानस में सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ रहा विश्वासग्राम हिरोली के ग्रामीण सुमली बाई को सीने में दर्द एवम उल्टी होने के कारण ग्रामीणों ने मांगी सुरक्षा बलों से मांगी सहायता उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु श्री एस0के0 मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशानुसार बीमार ग्रामीण का केरिपु 85 मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार उपरान्त कैम्प के एम्बुलेंस से बेहतर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर किया गया रवाना माओवादी प्रभावित सुदुर क्षेत्र में लम्बे समय से मूलभूत सुविधाओं से महरूम ग्रामीणों को मिल रहा फोर्स का सहयोग क्षेत्र के विकास, शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं का लाभ एवं सड़को के विस्तार की उम्मीद ग्रामीणों में जगी ।

## जपं सदस्य पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

**बीजापुर, 2 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जनपद सदस्य और सहकारिता प्रकोष्ठ समिति के संयोजक श्री तिरुपति कटला पर अज्ञात व्यक्तियों ने किया धारदार हथियार से हमला पारिवारिक शादी समारोह मे शामिल होने गए थे ग्राम तोयनार4-5 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से किया गया हमला गंभीर रूप से घायल अवस्था मे जिला अस्पताल मे चिकित्सा के दौरान हुई मृत्यु घटना में शामिल व्यक्तियों के गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में की जा रही है सघन गश्त सर्चिंग थाना तोयनार में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### नवपदस्थ कलेक्टर ने ईव्हीएम वेयर हाऊस का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के नवपदस्थ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल.चौहान ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस स्थित भवन पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा, परिसर की सुरक्षा सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर चौहान ने नये मंडी परिसर स्थित ई.व्ही.एम स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चुनाव सम्बंधित आवश्यक तैयारियो के लिए दिशा निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी कार्यों को समय -सीमा के भीतर पूरा करने कहा। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।
क्रमांक/4/

### सहायक उप निरीक्षक ने दुर्घटना में घायल दो लोगों को निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल



**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** 1 मार्च को प्रातः पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में स्टेनो के पद पर कार्यरत सहायक उप निरीक्षक (एम) मनीष चौबे अपने गृह निवास भाटापारा से ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए अपने निजी वाहन कार के माध्यम से बलौदाबाजार आ रहे थे, कि इसी बीच भाटापारा से थोड़ा आगे बलौदाबाजार-भाटापारा सडक मार्ग में राजाढार बायपास मार्ग के पास दो मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो गया था। इस एक्सीडेंट में मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह दृश्य देख तत्काल मनीष चौबे घायलों की मदद करने उनके पास पहुंचे। उनसे सामान्य बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। इस बीच उन्होंने देखा कि दोनों घायलों के सिर अन्य हिस्सों से भारी मात्रा में खून बह रहा है, इस स्थिति में दोनों घायलों को तत्काल समुचित प्राथमिक उपचार की आवश्यकता थी। थोड़ा सा भी विलंब दोनों घायलों के लिए घातक सिद्ध हो सकता था। साथ ही घटनास्थल में एंबुलेंस आने में भी विलंब होता। ऐसी स्थिति में मनीष चौबे ने तत्काल घटनास्थल पर मौजूद अन्य लोगों की सहायता से दोनों घायल व्यक्तियों को अपनी कार से भाटापारा अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों घायलों का उपचार जारी है। वर्तमान में अभी दोनों घायलों की स्थिति सामान्य है। डॉक्टर का कहना था, यदि समय पर दोनों घायलों को हॉस्पिटल ना पहुंचाया जाता, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की आप सभी से अपील किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की मदद करने के लिए तुरंत आगे आए। इस परोपकारी कार्य से आप किसी का जीवन बचाने के साथ-साथ उस आहत व्यक्ति के परिवार की भी मदद कर रहे हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद करें, यथासंभव उन्हें तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाएं एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सदैव सहयोग करें।

# कलेक्टर ने अधिकारियों से अहम योजनाओं की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** जिले के नये कलेक्टर के एल चौहान ने आते ही समस्त विभागों के जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर मौजूदा फ्लैगशिप के बारे में जानकारी प्राप्त किए। उन्होने वन-टू-वन अधिकारियों से रूबरू हुए। उन्होनें पहले संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित समस्त विभागों के जिला प्रमुखों से मुखातिब हुए। साथ ही उन्होनें कल समय सीमा की बैठक में एजेंडा संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होनें केंद्र की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।उन्होंने ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार रामलला दर्शन योजना के तहत हितग्राहियों को रवाना किया जाना है इस सबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही उनके मेडिकल जाँच संबंधित निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।श्री चौहान ने महतारी वंदन योजना पर चर्चा करते हुए सभी हितग्राहियों के आधार सीडिंग करने के निर्देश दिये। पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गांव में सर्वे सूची बनाने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे।



## बंदरों के कारण किसानों ने दलहन-तिलहन लेना कम किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 2 मार्च।** बंदरों व गायों की समुचित देखरेख एवं व्यवस्था नहीं होने से किसानों को फसल उगाने में हो रही है दिक्कत। सिमगा क्षेत्र के कई ग्रामों में दिनों दिन बढ़ते बंदरों की संख्या से किसान चिंतित एवं परेशान है खासकर किसान दलहन तिलहन दोनों फसलों की बोआई करना छोड़ते जा रहे है। जिसका मुख्य कारण बंदरों एवं मवेशियों के समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वे अपना पेट भरने के लिए किसी न किसी खेत खलियान में घुसकर फसल को पूरी तरह से चौपट कर देते हैं जिससे कि किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक समय में दलहन तिलहन की फसल जो पर्याप्त मात्रा में होती थी। अब उन फसलों के उत्पादन में काफी गिरावट आ रही है आर्थिक रूप से मजबूत किसान ही दलहन तिलहन की फसल ले रहे वह अपने खेत में मजदूरों की व्यवस्था करते है लेकिन हर किसान अपने खेत में सुरक्षा हेतु मजदूर नहीं रख सकता है। जिससे दलहन तिलहन के फसलों के साथ साथ साग सब्जी की फसलो कीमतें आसमान छू रही है फिर भी जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं देते हैं। ग्राम चौरेंगा निवासी तिजउ वर्मा ने बताया कि बंदरों एवं मवेशियों के आतंक से किसानों को बचाने हेतु सिमगा ब्लाक के सभी सरपंचों से मिलकर इस गंभीर समस्या को उनके सामने रखा लेकिन इस समस्या को हल करने में उनको किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ने बताया कि इस गंभीर समस्या को मैंने ग्राम के जनप्रतिनिधि से लेकर प्रदेश के जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या के संबंध में कई बार ज्ञापन दे चुका हूं। परंतु मुझे आश्चर्य होता है कि इस समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर के एल चैहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 1 मार्च 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में रामेश्वर पिता दलराम, निवासी ग्राम कोनारी, तहसील पलारी एवं नूतन वर्मा पिता कल्याण वर्मा, निवासी ग्राम डोंगरा, तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली गिरने एवं तालाब के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिममा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

**क्रमांक / /तह/वा./24**
**सिमगा, दिनांक 21/02/2024**
**रा.प्र.क्र........../ब-121/2024**
**ग्राम- बिनैका प.ह.नं.16**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक रामशरण निर्मलकर पिता रामबगस निर्मलकर जाति धोबी निवासी ग्राम बिनैका थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता बुधिया पति रामबगस का (मृत्यु) दिनांक 02/03/2015 को ग्राम बिनैका में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 11/03/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक, 21/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**न्यायालय-न्यायालय नायाब तहसीलदार देवभोग तहसील-देवभोग जिला-गरियाबंद**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक-202209221700004**

**राजस्व मामले में नोटिस**

मामले का विषय- अ-6 अ (खसरे में अथवा धारा-114 के अधीन तैयार किये गये किसी अन्य भू अभिलेख संबंधी कागज में गलत प्रविष्टि का सुधार अथवा उनमें प्रविष्टी संबंधी विवाद)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-सुशील,
अनावेदक पक्षकार-उधव,
**भूमि का विवरण जिसके संबंधी में विवाद विचारधीन है जिला-गरियाबंद तहसील-देवभोग प.ह.नं. 00021 ग्राम-/खसरा (रकबा)/सुपेबेड़ा आवेदक/अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है**
**नाम-उधव पिता-सदानंद, पता निवासी ग्राम सुपेबेड़ा तहसील देवभोग जिला गरियाबंद छ.ग.**

आपको सूचित किया जाता है कि उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख- 27/03/2024 दिन के 11 बजे, स्थानः न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी देवभोग पर होगी।
विषयः खसरे में अथवा धारा 114, 115 के अधीन तैसार किये गये किसी अन्य भू-अभिलेख संबंधी कागज में गलत प्रविष्टि का सुधार अथवा उनमें प्रविष्टि संबंधी विवाद।
नोटिस दिनांक-01/03/2024
नोटिस क्रमांक-002
राजस्व अधिकारी-(GAIND LAL SAHU)

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवभोग**

## जपं की सामान्य सभा का बैठक में योजनाओं पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा, 2 मार्च।** जनपद पंचायत सिमगा के सभा कक्ष में आज सीईओ अमित दुबे ने सामान्य सभा की बैठक ली बैठक में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यगण उपस्थित थे, बैठक में विशेष रूप से जनपद पंचायत विकास निधी योजना 15वें वित्त (जनपद मद), गौण खनिज मद तथा सभी विभागीय योजनाओं पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान सीईओ अमित दुबे ने अयोध्या रामलला दर्शन पर विशेष चर्चा की तथा विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने की बात कही। तत्पश्चात महिला एवं बाल विकास के अधिकारी श्रेष्ठ सम्भकर ने महतारी वंदन योजना की विस्तृत जानकारी दिया जिसमें उन्होने कहा सिमगा क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी आवदेन पत्र प्राप्त पात्र महिला हितग्राहियों का आवेदन स्वीकार्य हुआ है, इस बैठक में जनपद अध्यक्ष वीणा आडिल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल जनपद सदस्यगण एवं एसडीओ लव डोंगरे, युगल किशोर वर्मा, पिताम्बर मानिकपुरी, ओमप्रकाश साहू, वन विभाग से इमेश्वर शर्मा, जल संसाधन विभाग से विनय कुमार, मतस्य विभाग से संजय चन्द्रवंशी उद्यानिकी विभाग से मंजुलता, शिक्षा विभाग से ढालसिंग ठाकुर राकेश सिंह बीआरसी सहसराम पाटकर विशेष रूप से उपस्थित रहें।

## सेजेस के छात्र-छात्राओं का राज्य विज्ञान प्रदर्शनी मेला के लिए चयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** एससीईआरटी रायपुर द्वारा शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में विज्ञान दिवस के अवसर पर संभाग स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता विज्ञान प्रश्न मंच विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य शीर्षक समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी जिसके अंतर्गत उप विषय के रूप में स्वास्थ्य पर्यावरण कृषि संचार एवं परिवहन तथा कम्प्यूटेशनल सोच को शामिल किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एससीआरटी रायपुर के डायरेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न शालाओं के छात्र-छात्राओं ने सभी विधाओं में हिस्सा लिया। जिसमें सेजेस सिमगा से शुभम देवांगन ने बाल विज्ञान प्रदर्शनी स्वास्थ्य में प्रथम स्थान एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में सेजेस पंचम दीवान कन्या शाला के बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा सेजेस सिमगा से यशराज देवांगन एवं शुभम देवांगन ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सेजेस बलौदाबाजार से अनामिका राजपूत ने बाल विज्ञान प्रदर्शनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। ये सभी छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला के लिए चयनित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा बी. एल. देवांगन ने सभी छात्र-छात्राओं के चयनित होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जिले के 1 लाख से अधिक कृषक लाभान्वित

**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त की राशि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 28 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से किसानों के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। 16वीं. किस्त जारी होने के दिन को ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस आयोजन के दौरान व्यापक रूप से योजना का प्रचार-प्रसार मैदानी अधिकारियों के माध्यम से करते हुए, किसानों के बीच उनके आधार सीडेड बैंक में धनराशि जारी होने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें किसानों को योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न मिडिया प्लेटफार्मों के साथ-साथ वेबकास्ट के माध्यम से जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम केशव बागड़ी है मेरे पिता जी का नाम घनश्याम दास बागड़ी है। जो कि मेरे भारतीय जीवन बीमा के बांड पेपर जिसका Policy Number 382876237 जिसमें मेरा नाम केशव महेश्वरी पिता का नाम घनश्याम महेश्वरी त्रुटिवस भूल हो गया है। पहले मेरे वोटर आईडी में केशव महेश्वरी होने के कारण मेरे भारतीय जीवन बीमा बांड में केशव महेश्वरी एवं मेरे पिता जी का नाम घनश्याम महेश्वरी दर्ज किया गया है। जो अभी मेरा नाम परिवर्तन करके केशव बागड़ी और मेरे पिता जी का नाम घनश्याम दास बागड़ी कर दिया गया है।

आज से मुझे केशव बागड़ी के नाम से जाना पहचाना जाये।

**केशव बागड़ी**
**गंगराजपुर पोस्ट**
**ऑफिस गिरसूल,**
**हाउस नंबर 54, वार्ड नं. 2**
**गरियाबंद (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/1274/NIT-23/व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2023-24, सुकमा दिनांक- 29/02/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| जिला मुख्यालय में बंगाली समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण कार्य सुकमा, वि.ख. सुकमा । | 16.39 |

**निविदा डाऊनलोड, डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि :- 11.03.2024**

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा**
**जी- 08225/3** **जिला - सुकमा (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

**ई- प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक 12/ व.ले.लि./ लो.स्वा.यॉ.खण्ड / 2024 बीजापुर, दिनांक 26.02.2024

**(तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना)**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से अंधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए आनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती है-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लााख में) | धरोवर राशि (रू लााख में) | ठेकेदार की की श्रेणी | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| .1 | 12/ 26.02.2024 | 153401 | Design, Drawing, Construction, Testing and Commissioning of RCC OHT Capacity 400 K.L. 18 mtr. Staging At Block Bijapur inclusive of all civil works with trial run for three months under Bijapur Augmentation Water Supply Scheme. (Near New SP office) (3rd Call) | 52.61 | 39458/- | D | 15.03.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञपति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 27.02.2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी**
**खण्ड-बीजापुर**
**जी- 08175/4**

**सघन पल्स पोलियो अभियान 3 से 5 मार्च तक**

## बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने ट्रांजिट टीम का गठन

- **कलेक्टर ने सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ पहुंचकर अपने बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाने की अपील की**
- **दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 मार्च।** कलेक्टर के एल चौहान के मार्गदर्शन में 3 से 5 मार्च 2024 तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 3 मार्च को जिले के निर्धारित कुल 831 बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। 4 एवं 5 मार्च 2024 को घर-घर भ्रमण कर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रशिक्षु नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्राओं द्वारा पिलाया जाएगा। कलेक्टर चौहान ने जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ में पहुंचकर अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकताओं का सहयोग करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि विश्व पोलियो उन्मूलन अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में 1 लाख 45 हज़ार 6 सौ 95 बच्चे लक्षित हैं। इसमें बलौदाबाजार में 35408, भाटापारा में 27832, कसडोल 31914, पलारी 25255, सिमगा 25286 निर्धारित है। जिले में 118 सुपरवाइजर इसकी निगरानी के लिए लगाए गए हैं साथ ही जिला कार्यालय से भी ड्यूटी लगाई गई है। इस बाबत पोलियो वैक्सीन और आवश्यक प्रशिक्षण सहित पूरी तैयारी कर ली गई है। समस्त टीमों को समय पर पोलियो की दवा उपलब्ध कराने एवं कार्य संपादन की निगरानी हेतु 831बूथों को 118 सेक्टरों में विभाजित एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यकम प्रबंधक, विकासखंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी व विकासखंड डाटा प्रबंधक, जिला मितानिन समन्वयक की बैठक ली गई। जिसमें कार्य योजना एवं अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण व दिशा-निर्देश बताए गए। सभी ब्लॉक के ग्रामों के अलावा बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों द्वारा निर्माणाधीन क्षेत्र, खदानों, ईट भट्ठा, स्लम एरिया, मेला, बाजार आदि में छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के के टेम्भूरने के अनुसार पोलियो वायरस जनित संक्रामक रोग है जो तंत्रिका तंत्र और रीढ़ को प्रभावित करता है। इससे बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं और यह दिव्यांगता का कारण बन जाता है। सी एम एच ओ ने आम लोगों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

## एक नजर

### आकाश धावना छत्तीसगढ़ चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत



**रायपुर 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि चेम्बर के कार्य में सहयोग करने एवं गतिशील बनाने के लिये चेम्बर में पदाधिकारियों का विस्तार करते हुए श्री आकाश धावना (प्रोप्राइटर- अमर पॉली प्रिन्ट इंडस्ट्रीज, रायपुर) को छत्तीसगढ़ चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने श्री आकाश धावना को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि वे व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नयी ऊचांईयों पर लेकर जायेंगे।

### फिटनेस,सड़क सुरक्षा तथा मतदान जागरूकता का एक साथ संदेश

**रायपुर 2 मार्च।** स्टे फिट विथ मी ग्रुप द्वारा स्वास्थ्य-सुरक्षा-राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिए एरोबिक्स, जुंबा, सड़क सुरक्षा तथा मतदान जागरूकता हेतु संगीतमय नुक्कड़ नाटक सहित रोचक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 03 मार्च रविवार को प्रातः 06ः30 से 08ः00 बजे ऑक्सीजोन गार्डन स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप, किया गया है। इस कार्यक्रम में एकजुटता के लिए वेशभूषा-व्हाईट टॉप/टी-शर्ट, ब्लैक लोअर तय कर ससम्मान आमंत्रित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायपुर 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स), सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) ईबीजेई 23 परीक्षा 3 मार्च को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक 29 परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक 08 परीक्षा केंद्रों में संचालित किया जायेगा। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक को परीक्षा प्रभारी अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को नोडल अधिकारी और सहायक संचालक कौशल विभाग के केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

### चॉइस वॉच की सेल 4 मार्च से शुरू

**रायपुर 2 मार्च।** ऑनर ने अपनी एआईओटी डिवाइसेज़ में नई स्मार्टवॉच - ऑनर चॉइस वॉच पेश की है, जिसकी बिक्री ब्रांड की वेबसाइट अमेज़न.इन और आपके नजदीकी मेनलाइन स्टोर्स पर 4 मार्च 2024, दोपहर 12ः00 बजे से शुरू होगी। ब्लैक और व्हाइट कलर वैरिएंट्स में लॉन्च की गई इस घड़ी का मूल्य 6,499 रुपये है, जो 500 रुपये के इंट्रोडक्टरी डिस्काउंट के साथ केवल 5,999 रुपये में खरीदी जा सकती है। एचटेक के सीनियर वीपी एवं जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सी पी खंडेलवाल ने कहा, ÷हम ऑनर चॉइस वॉच पेश करके उत्साहित हैं। यह एक स्टाइलिश वियरेबल डिवाइस है, जिसमें सामान्य फ़ीचर्स के अलावा स्विम-प्रूफ ड्यूरेबिलिटी और वन-क्लिक एसओएस कॉलिंग जैसी असाधारण फंक्शनलिटीज हैं।

### घर से 13 तोला सोने के जेवर पार

**रायपुर, 2 मार्च।** सी 22 मेन रोड शैलेन्द्र नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर ने 13 तोला सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वरूण जैन 24 वर्ष सी 22 मेन रोड शैलेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 22 से 25 फरवरी के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर के आलमारी में रखे 13 तोला सोने का जेवर पार कर दिया है। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मैरिज हॉल से रुपयों से भरा बैग पार

**रायपुर, 2 मार्च ।** माना स्थित जैनम मानस भवन में शादी कार्यक्रम में रुपयों से भरा बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमल कुमार जैन टैगोर नगर कोतवाली का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल दोपहर शादी कार्यक्रम में शामिल होने माना स्थित जैनम मानस भवन आया था। जहां फोटो सेशन के दौरान प्रार्थी ने अपना रुपयों से भरा बैग को सोफा में रखा था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बैग में करीब 1 लाख 90 हजार रुपए था। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बृजमोहन और अमर को मार्गदर्शक मंडल में न भेज दें: दीपक बैज



**रायपुर 2 मार्च।** लोकसभा चुनाव के टिकट को लेकर बैज ने कहा कि हम शुरू से कहते आ रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी अपने सांसदों पर भरोसा नहीं कर रही है. पिछले समय पूरे टिकट बदले. इस समय भी पूरी टिकट चेंज करेंगे. उनको पता है कि छत्तीसगढ़ और पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ माहौल है. इसलिए एंटी इंकम्बेंसी है. बृजमोहन अग्रवाल और अमर अग्रवाल को मार्गदर्शक मंडल में ना भेज दें.

**महंगाई के विरोध में प्रदर्शन :** महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में शास्त्री मार्केट में सब्जी खरीद कर महंगाई का विरोध किया. प्रदेशभर के जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी महंगाई के खिलाफ आज प्रदर्शन कर रही है. सब्जी खरीदकर कांग्रेस ने महंगाई का विरोध किया. किराना दुकानों में भी रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदकर नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं. दीपक बैज ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि महंगाई ने आम जनता, गरीब जनता, मध्यम परिवार, कर्मचारी की कमर तोड़ दी है. केंद्र में बैठी हुई मोदी सरकार लगातार 10 साल से शासन करने के बाद भी आज तक महंगाई रोकने में असफल हो चुकी है. भाजपा ने सत्ता हासिल करने के लिए महंगाई के नाम से चुनाव लड़ा था. उन्होंने कहा था कि सरकार में आएंगे तो 100 दिन में महंगाई कम करेंगे. लेकिन आज सत्ता में आने के 10 साल बाद में महंगाई कम नहीं हुई है. बल्कि चार गुना बढ़ गई है. मोदी सरकार महंगाई का म बोलने को तैयार नहीं है. चर्चा करने को तैयार नहीं है. गरीब जनता के बीच में अच्छे दिन का सपना दिखाकर महंगाई को बढ़ा दिया. इसलिए आज हम लोग छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी पूरे प्रदेश में मुख्यालय में प्रदर्शन कर रहे हैं.

**महतारी वंदन योजना के आंकड़े फर्जी- बैज :** महतारी वंदन योजना के आंकड़े जारी होने को लेकर बैज ने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी का झूठा आंकड़ा है. अब तक लगभग 25 लाख फॉर्म ही स्वीकृत हुए हैं. 50 लाख से ज्यादा फॉर्म इन्होंने रिजेक्ट कर दिया है. सरकार सच्चाई छुपाना चाह रही है. माता बहनों के साथ इन्होंने धोखा किया है. चुनाव के समय में हम हर विवाहित महिलाओं को हम 12000 देंगे कहा था. इसमें एपीएल बीपीएल कुछ नहीं है. चाहे मुख्यमंत्री का परिवार ही क्यों न हो उनको भी मिलेगा ऐसा कहा था. लेकिन आज मुख्यमंत्री के परिवार को नहीं मिल रहा है. सत्ता में आने के बाद क्राइटेरिया बांट दिया और छत्तीसगढ़ की माता बहनों को जितना लाभ मिलना चाहिए था वह नहीं मिला.

बैज ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की माता-बहनों को ठगने का काम सरकार ने किया है. झूठ बोला है. महतारी वंदन का लाभ सभी बहनों को ना मिले, हितग्राहियों की संख्या कम से कम हो सरकार यही चाह रही है. इसलिए महतारी वंदन के नाम से पूरे छत्तीसगढ़ में ठगने का काम किया जा रहा है. जिस तरीके से आंकड़े जारी हुए हैं ये सब फर्जी हैं।

# बीजापुर में भाजपा नेता की हत्या को विजय शर्मा ने बताया कायराना हरकत



**रायपुर 2 मार्च।** बीजापुर में बीजेपी नेता तिरुपति कटला की हत्या को उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों की कायराना करतूत करार दिया है. उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर भाजपा के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है, जिससे वे बस्तर में अंदर तक जाकर प्रचार न कर सकें.उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा नेता कटला की हत्या पर मीडिया से चर्चा में कहा कि बीजापुर से पहले भी बीजेपी के लोगों को टारगेट किया गया है. सामने चुनाव है, नक्सलियों के खिलाफ कार्यवाहियां बढ़ी हैं. ऐसे में भय उत्पन्न करने के लिए नक्सली ऐसा कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता बस्तर में अंदर तक प्रचार के लिए न जा सके, इसलिए ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो जाये विष्णदेव सरकार है. बस्तर के कोने-कोने तक विकास की गंगा पहुंचे, इस बात की हमारी प्रतिबद्धता है. कोई भी ऐसे अवरोध आएंगे, उसे दूर किया जाएगा.

बता दें कि जनपद सदस्य और सहकारिता प्रकोष्ठ समिति के संयोजक तिरुपति कटला शादी समारोह में शामिल होने बीती रात तोयनार गांव गए हुए थे. समारोह से निकलते वक्त नक्सलियों ने कटला पर नक्सलियों ने प्राणघातक हमला कर दिया, जिसमें वे गभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही मौत हो गई.

### घुमंतू भिक्षकों को रेस्क्यू कर भेजा गया पुनर्वास केंद्र



**रायपुर 2 मार्च।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज समाज कल्याण विभाग और संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा घुमंतु भिक्षकों के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन में तीन भिक्षकों को रेस्क्यू किया गया और उन्हें भिक्षुक पुनर्वास केंद्र मोवा में पुनर्वासित किया गया। रेसक्यू अभियान के दौरान समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक नदीम काजी, उप पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी, संगी मितान सेवा संस्थान भिक्षुक पुनर्वास केंद्र मोवा की ममता शर्मा मौजूद रही।

# एसके रायपुर मैराथन 3 मार्च को, सुबह 4.30 बजे से दौड़ेगा रायपुर



**रायपुर 2 मार्च।** रायपुर को स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ शहर बनाने के लिए 3 मार्च को एस के रायपुर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में रायपुर वासी भाग लेंगे और 21 किमी, 10 किमी ,और 3 किमी की रन फॉर हर दौड़ का हिस्सा बनेंगे , आज इस मैराथन के टी शर्ट और बीब नंबर को आयोजक मुकेश मिश्रा और एस के फाइनेंस के मार्केटिंग हेड अंशुल जैन के साथ आयोजन से जुड़े लोगो ने लांच किया । आयोजक मुकेश मिश्रा ने आज टी शर्ट लॉच सेरेमनी के बाद आयोजित संवददाता सम्मेलन में बताया कि आईआइइएमआर इंस्टीटयूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट द्वारा एस के फाईनेंस के साथ इस मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 2 मार्च को बीब एक्सपो का आयोजन होगा जिसमे मैराथन में भाग लेने वाले सभी रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को मैराथन किट का वितरण स्प्री वाक मरीन ड्राइव तेलीबांधा फ्लैग एरिया में सुबह 11 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा । एस के रायपुर मैराथन में कुल तीन श्रेणियों में बडी तादाद में लोग रायपुर को सबसे स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ बनाने के लिए साथ ही महिला स्वास्थय के लिए अवेयरनेस के लिए दौड़ लगाएंगे फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी । इस रन में महिला रनर्स जो तीन किमी में रन कर रही है को फ्री रजिस्टर्ड किया जा रहा है ।

उन्होंने बताया कि तीन मार्च को एस के रायपुर मेराथन में सभी दौड़ की शुरुआत स्प्री वॉक मरीन ड्राईव फ्लैग एरिया से होगी जिसमें प्रवेश स्प्री फ़ूड लैब जल विहार की तरफ से होगा ।

# ''आईएनसी साथी रजिस्ट्रेशन अभियान'' के लिए समस्त कांग्रेसजनों को दिये निर्देश



**रायपुर 2 मार्च।** रायपुर पश्चिम पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव विकास उपाध्याय ने कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही ''आईएनसी साथी रजिस्ट्रेशन अभियान'' को बूथ स्तर पर प्रारंभ करने इस कार्यक्रम के प्रभारी भूपेन्द्र रावत के साथ रायपुर शहर के वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। विकास उपाध्याय ने बताया कि इस अभियान से हर वर्ग के व्यक्ति कांग्रेस पार्टी में सदस्यता लेंगे एवं कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़कर भारत राष्ट्र को नई दिशा की ओर ले जाने में सहयोगी भी बनेंगे। विकास उपाध्याय ने कहा कि ''आईएनसी साथी लिंक http://inc-saathi.com/ÓÓ के जरिए होगा रजिस्ट्रेशन।

आज पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीएसईबी गार्डन गुढ़ियारी से इस महत्वपूर्ण अभियान ''आईएनसी साथी रजिस्ट्रेशन अभियान'' की शुरूआत की। साथ ही कांग्रेस के समस्तजनों को ऊपर बताए लिंक के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस की विचारधारा के साथ आमजनों को जोड़ने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी भूपेन्द्र रावत, सीनियर कांग्रेसी शैलेष नीतिन त्रिवेदी, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ब्लॉक अध्यक्ष-दाऊ लाल साहू, अशोक सिंह ठाकुर एवं देवकुमार साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी शिव सिंह ठाकुर, सोमन चटर्जी, बद्रीनाथ मिश्रा, विमल क्रिश्चन, डॉ. अन्नू राम साहू, मनीराम साहू, सुन्दरलाल जोगी, वारेन्द्र साहू, कमलाकान्त शुक्ला, तोरण साहू, भागवत साहू, तरूण श्रीवास, मनीष शर्मा, प्रकाश दास मानिकपुरी, शानू दीवान, अपरचित त्रिपाठी, संजीव विश्वकर्मा, रामदास कुर्रे, विद्याधर दीवान, ईश्वर निषाद, सोनू ठाकुर, कुन्दन सिन्हा, आकाश दीवान, कुलदीप मठरू, अमल गिल, कुलदीप ध्रुव, विकास अग्रवाल, सम्पत सिंह ठाकुर, एम लक्ष्मी, हाजरून खान, सुरज बाई, रेखा शुक्ला, विजय देवांगन, भीम यादव, डेमेन्द्र यादव, शिव साहू, देवेन्द्र साहू, सुरेश मिश्रा, कृष्णा नायक, नीरंजन पठारी, पप्पू खैरा, दिनेश शुक्ला, सितेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेश गड़पाल, अजय निषाद सहित काफी संख्या में कांग्रेस के साथी इस मुहिम में शामिल रहे।

### हुक्का पार्ट एवं तंबाकू फ्लेवर बेचते दो भाई गिरफ्तार

**रायपुर, 2 मार्च।** राजधानी पुलिस लगातार नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। इसी के तहत आज गोलबाजार थाना पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर राज पान पैलेस में दबिश देकर प्रतिबंधित हुक्का पार्ट और उसकी सामाग्री जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दो भाईयों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि आज दोपहर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर जयस्तंभ चैक के पास मयूरा होटल के बाजू स्थित राज पान पैलेस में दबिश देकर प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामग्रियां को जब्त किया है। मामले में पुलिस ने पानठेला संचालक अशोक कुमार मंधानी 58 वर्ष तथा अनुराग मंधानी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी राजीव नगर खम्हारडीह के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रूपये कीमत के प्रतिबंधित हुक्का पॉट, पाईप, नोजल, कोल, विभिन्न प्रकार के फ्लेवर तथा हुक्का से संबंधित अन्य सामाग्री जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफसिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के तहत् अग्रिम कार्यवाही की है।

# सरेआम शराब पीते 28 गिरफ्तार

**रायपुर, 2 मार्च ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने नेहरू नगर शराब दुकान के पास खुलेआम शराब पीते आरोपी विष्णु यादव 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी उत्तम ध्रुव 34 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी चुरामन साहू 25 वर्ष व रोहित डेविड मिंज 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी तोरण सिंह राजपूत 28 वर्ष, संतोष कुमार 33 वर्ष व तरूण मेश्राम 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राम अवतार शर्मा 50 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी धनेंद्र साहू 28 वर्ष, गंज थाना पुलिस ने आरोपी शरद सोनी 22 वर्ष एवं गुढ़ियारी थाना पुलिस ने आरोपी चंदन बंजारे 27 वर्ष व राकेश साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी छवि पाल 30 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी रिषिकेश निर्मलकर 28 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी उमेश साहू 32 वर्ष, यशस्वमी चन्द्राकर 23 वर्ष, रतन देव साहू 29 वर्ष, ठाकुर राम धीवर 28 वर्ष, धनेश्वर धीवर 36 वर्ष, मोहन निषाद 50 वर्ष, पुरूषोत्तम धीवर 25 वर्ष, सांतनू पटेल 29 वर्ष, ढालेन्द्र कुमार साहू 32 वर्ष व डिगेश्वर लोधी 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी रमेश जोशी 19 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी अजीत धृतलहरे 23 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी विजय घोडेसवार 60 वर्ष व योगेश वर्मा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### फर्जी दस्तावेज से लिया 12 लाख का लोन, जुर्म दर्ज

फर्जी दस्तावेज पेश कर छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पुरानी बस्ती से 12 लाख का लोन लेने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

# गौरव द्विवेदी को यूके अचीवर्स ऑनर्स से सम्मानित किया गया



**रायपुर 2 मार्च।** छत्तीसगढ़सरकार के पूर्व सलाहकार गौरव द्विवेदी इंडिया यूके अचीवर्स ऑनर्स 2024 में सोसाइटी एवं पॉलिसीवर्ग में फाइनलिस्ट्स में शामिल हुए हैं। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एल्युम्नीयूनियन यूके (एनआईएसएयू) की ब्रिटिश काउंसिल (भारत में) और यूके गवर्नमेंटडिपार्टमेंट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड की साझीदारी में की गई इस पहल का उद्देश्यअध्ययन के ब्रिटिश प्रोग्राम की पढ़ाई करने और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिलकर समाज में उल्लेखनीय योगदान करने वाले भारतीय विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रोंकी पहचान कर भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक संबंधों का जश्न मनाना है।इंडिया यूके अचीवर्सऑनर्स का महत्व रेखांकित करते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक नेकहा, ÷सबसे पहले मैं इस विशेषब्रिटेन-भारत साझीदारी की हिमायत करने के लिए आप सभी को धन्यवाद करना चाहूंगा।मुझे यह देखकर खुशी है कि दूसरी बार आप असाधारण भारतीय प्रतिभा प्रदर्शित कर रहेहैं जिसे ब्रिटेन में विकसित किया गया है। मैं ब्रिटेन-भारत साझीदारी को लेकरअत्यधिक गौरवान्वित हूं और 2023 का अचीवर्स ऑनर्स इस साझीदारी से निकले मजबूतपरिणामों को रेखांकित करता है।÷एनआईएसएयू यूके की चेयर और यूके इंटरनेशनल हायरएजुकेशन कमीशन की कमिश्नर सनम अरोड़ा नेकहा, जैसा कि हम यहां यूके पार्लियामेंट मे इस वर्ष के अचीवर्सऑनर्स के फाइनलिस्ट का अनावरण कर रहे हैं।

# गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम के तहत एमएसएमई उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए: अजय भसीन



**रायपुर 2 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर महामंत्री श्री अजय भसीन के नेतृत्व में गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम के तहत नवा रायपुर स्थित भारतीय मानक ब्यूरो छत्तीसगढ़ के निर्देशक (सीनियर साइंटिस्ट) माननीय श्री सुमित कुमार जी से चेंबर प्रतिनिधि मंडल मिला। बैठक में गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम को विस्तार से बताया गया कि कैसे उद्योगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम के तहत एमएसएमई उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए। चेंबर महामंत्री श्री अजय भसीन जी ने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम के तहत नवा रायपुर स्थित भारतीय मानक ब्यूरो छत्तीसगढ़ के निर्देशक (सीनियर साइंटिस्ट) माननीय श्री सुमित कुमार जी से चेंबर प्रतिनिधि मंडल मिलकर चर्चा की। श्री भसीन जी ने आगे बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम के तहत समस्त उद्योगों को आई एस आई सर्टिफिकेट लेना अत्यंत आवश्यक है तथा सरकार द्वारा लाई गई इस योजना की जानकारी कैसे उद्योगों तक पहुंचाई जा सकती है, पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री भसीन जी ने बैठक की जानकारी देते हुए आगे कहा कि मेक इन इंडिया को साकार करने सरकार द्वारा आयातित वस्तुओं का निर्माण घरेलू उद्योगों द्वारा हो, पर जोर दे रही है साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण हेतु प्रदेश में लैब की भी स्थापना किए जाएंगे ताकि किसी संगठन को उत्पादन के दौरान उत्पादित वस्तुओं में देशों की पहचान कर, उन्हें ठीक कर, यह सुनिश्चित कर सके कि अंतिम उत्पाद उच्चतम गुणवत्ता वाला है जो अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। श्री भसीन जी ने यह भी बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण प्रोग्राम के तहत एमएसएमई उद्योग स्वयं के लैब का निर्माण करने में समर्थ नहीं है क्योंकि लैब की स्थापना के लिये बड़ी मात्रा में धन की आवश्यकता होती है जिसे सूक्ष्म एवं लघु उद्योग पूरा नहीं कर सकते अतः इन उद्योगों को बाहर स्थित अन्य लैब से सुविधा प्रदान की जाये ताकि उन्हें आईएसआई प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त हो सके।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्घाटन



**रायपुर 2 मार्च।** गुरुकुल महिला महाविद्यालय, कालीबाड़ी रोड़, रायपुर (छ.ग.) में भारत सरकार के नेशनल काउसिंल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी एवं छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा उत्प्रेरित एवं प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्घाटन समारोह गुरुकुल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. त्रिपाठी, डीन, कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एण्ड फुड टेक्नोलॉजी, रायपुर का स्वागत प्राचार्य अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा किया गया। डॉ. त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को विज्ञान विषय का सही अर्थ समझाते हुए साइंस शब्द का पूरा नाम (सिस्टमैटिक कंप्रिहेंसिव इन्वेस्टिगेशन एड एक्सप्लोरेशन ऑफ़ नेचुरल कास एंड इफैक्ट्स) को बताया। छात्राओं को प्रत्येक शब्द का अर्थ समझाया और बताया कि यह हमारे जीवन के प्रत्येक क्षण से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम के प्रथम स्पीकर डॉ. दीप्ति जैन अग्रवाल प्राचार्य, रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी ने छात्राओं को एनवायरमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी दी तथा समझाया कि इसके लिए छात्राओं को अपनी ओर से क्या कदम उठाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित और संरक्षित रहे। डॉक्टर अग्रवाल मैडम ने छात्राओं से प्रश्न पूछ कर जानकारी ली। वर्तमान समय में आप पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अपनी ओर से क्या जिम्मेदारी उठा रहे हैं। छात्राओं ने उत्तर देते हुए उनको संतुष्ट किया। द्वितीय सत्र के स्पीकर डॉ. भानुश्री गुप्ता, सिनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, सेन्टर फॉर बेसिक साइंस, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) ने आइ.क्यू. ई.क्यू और ए.क्यू पर प्रकाश डाला।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26